RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 164 • 05:10:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

## पीएम आज महाराष्ट्र के वाशिम में पीएम-किसान योजना की 18वीं किस्त जारी करेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इससे देशभर के 9.4 करोड़ से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिलेगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मत्स्य पालन व पशुपालन और डेयरी मंत्री ललन सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फड़नवीस तथा मृदा एवं जल संरक्षण व वाशिम और यवतमाल जिलों के संरक्षक मंत्री संजय राठौड़ उपस्थित रहेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को बताया गया कि इस कार्यक्रम में 732 कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), 1 लाख से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और देशभर के 5 लाख सामान्य सेवा केन्द्रों समेत लगभग 2.5 करोड़ किसान वेबकास्ट के माध्यम से शामिल होंगे। निधि जारी होने के दिन को पीएम-किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा तथा इसके लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री द्वारा 5 अक्टूबर को पीएम-किसान की 18वीं किस्त जारी होने के साथ ही इस योजना के तहत कुल संवितरण निधि 3.45 लाख करोड़ से अधिक हो जाएगी। महाराष्ट्र में पीएम किसान योजना की 17 किस्तों में 1.20 करोड़ किसानों को करीब 32,000 करोड़ रुपये अंतरित किए गए हैं। 18वीं किस्त में 91.51 लाख किसानों को 1,900 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा। मंत्रालय के मुताबिक, पीएम-किसान किस्त वितरण के साथ प्रधानमंत्री नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना की 5वीं किस्त के तहत महाराष्ट्र के किसानों को लगभग 2,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी जारी करेंगे। इसके अलावा कृषि अवसंरचना को बढ़ावा देने के क्रम में नई सरकार के पहले 100 दिनों में कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के तहत पूरी की गई विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। साल 2020 में शुरू किया गया एआईएफ मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा है, जिसका उद्देश्य फसल-कटाई के बाद के प्रबंधन की अवसंरचना और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों का विस्तार करना है। यह योजना पात्र उधार लेने वालों को 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान और ऋण गारंटी सुविधा के साथ एक लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करती है। मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 100 दिनों में देशभर में 10,066 से अधिक कृषि-अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनके लिए 6,541 करोड़ रुपये अनुमोदित किये गए हैं। इनमें 97.67 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि के साथ एफपीओ की 101 परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 1,929 करोड़ रुपये की कुल मंजूरी के साथ 7,516 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जिनका लोकार्पण किया जाएगा।

### कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ड्रग्स की बहुत बड़ी खेप पकड़े जाने पर शुक्रवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एक ओर जहां मोदी सरकार 'नशामुक्त भारत' के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपये की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में ड्रग्स से पंजाब, हरियाणा और समग्र



उत्तर भारत में युवाओं का जो हाल हुआ, वह सभी ने देखा है। मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है, तो वहीं कांग्रेस उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता द्वारा अपने राजनीतिक रसूख से युवाओं को ड्रग्स के दलदल में झोंकने का जो पाप किया जाना था, उन इरादों को मोदी सरकार कभी पूरा नहीं होने देगी।

## भारत 2047 में विचारों, प्रौद्योगिकी और संस्कृति का केंद्र बनेगा

### वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- पूरी दुनिया में आएगी समृद्धि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि स्वतंत्रता के 100 साल पूरे करने पर 2047 तक भारत में विकसित देशों के समान सभी मुख्य विशेषताएं मौजूद होंगी। उन्होंने यह बात कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कही। सीतारमण ने कहा कि यदि हम उपमहाद्वीप के सभ्यतागत इतिहास को देखें तो भारतीय युग कोई नई घटना नहीं है। एक हजार साल से भारत ने दर्शन, राजनीति, विज्ञान और कला का एक सांस्कृतिक क्षेत्र बनाया है। यह विजय के जरिए से नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक भव्यता के जरिए से सीमाओं के पार फैला। उन्होंने कहा कि भारत 2047 में विचारों, प्रौद्योगिकी और संस्कृति के जीवंत आदान-प्रदान का केंद्र बनेगा, जिससे न केवल भारतीयों बल्कि पूरी दुनिया में समृद्धि आएगी।



उन्होंने भारत के हाल के आर्थिक प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला, जिसमें भारत का 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और उच्च विकास दर बनाए रखना शामिल है। सीतारमण ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को अर्थशास्त्र और वित्त के नीति विशेषज्ञों के लिए एक अहम मंच बताया और कहा कि नीति निर्माण में मार्गदर्शन के लिए विशेषज्ञों की सोच की जरुरत है। वित्तमंत्री सीतारमण ने भारत की युवा आबादी को भी बहुत अहम बताया, जिसका उत्पादन, बचत और निवेश में बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि भारत को यह तय करना चाहिए कि युवा सुसज्जित, भावनात्मक रूप से मजबूत और शारीरिक रूप से स्वस्थ हों, जो कि एक मुख्य नीतिगत प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय वित्तीय प्रणाली की मजबूती के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें कहा गया कि यह प्रणाली संकट प्रबंधन, विनियामक और शासन मानकों के मामले में विकसित वित्तीय बाजारों के बराबर है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार, बेहतर प्रावधान और बढ़ती लाभप्रदता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि 2024 के बजट में अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के लिए 1200 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं और शिक्षा जगत, निजी क्षेत्र और सरकारी निकायों के बीच सहयोग से नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान कोष की स्थापना की गई है।

### संक्षिप्त समाचार

#### इंडोनेशिया में भूकंप का झटका, कोई नुक्सान नहीं



**जकार्ता।** इन दिनों दुनियां के अलग-अलग हिस्सों में भूकंप के मामले बढ़ते नजर आए हैं। वैसे कुछ ऐसे भी देश हैं जहाँ भूकंप के झटके महसूस वक्त-वक्त पर होते रहते हैं। इनमें इंडोनेशिया भी शामिल है, जहां शुक्रवार तड़के भूकंप आया है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.8 मापी गई है। भूकंप के इस झटके से किसी तरह के कोई जान-माल के नुक्सान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप के संबंध में बताया गया है कि भूकंप इंडोनेशिया के टोबेलो से 119 किलोमीटर नॉर्थ में आया है। भारतीय समयानुसार इंडोनेशिया में शुक्रवार 4 अक्टूबर तड़के 2 बजकर 23 मिनट पर भूकंप का झटका आया। इंडोनेशिया की जियोफ़िज़िक्स एजेंसी ने भूकंप की पुष्टि करते हुए बताया है कि आज आए इस भूकंप की गहराई 157.8 किलोमीटर रही है। भूकंप का केंद्र ज्यादा गहराई में होने से इसका हल्का झटका ही संबंधित क्षेत्रों के साथ ही आसपास के इलाकों में भी महसूस किया गया है। सुकून की बात यह है कि इस भूकंप से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

#### कांग्रेस अब 'कोकीन' का कारोबार करने वाले नेताओं की पार्टी बन गई : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने ड्रग रैकेट पर कांग्रेस को घेरते हुए पार्टी को कोकीन का कारोबार करने वाले नेताओं की पार्टी करार दिया है। भाजपा ने 5,600 करोड़ रुपये की प्रतिबंधित दवाओं की जब्ती के मामले में तुषार गोयल की गिरफ्तारी को लेकर विपक्षी दल पर हमला तेज करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस अब 'कोकीन' में कारोबार करने वाले नेताओं की पार्टी बन गई है। भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि एक ओर जहां मोदी सरकार 'नशामुक्त भारत' के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपये की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। उन्होंने कांग्रेस युवा विंग के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि गोयल को 17 अक्टूबर, 2022 को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित कर दिया गया था। उन्होंने कहा, यह एक जालसाजी है, जिसके लिए कांग्रेस प्रसिद्ध है। जैसे ही वह मामले में आरोपित बने, संगठन से उनके निष्कासन का एक पत्र जारी किया गया। उन्होंने अपने दावे की सत्यता का 'डिजिटल प्रमाण' मांगा। साथ ही पूछा कि यह रिश्ता क्या कहलाता है। भाटिया ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा जब्त मादक पदार्थ की बरामदगी से पता चलता है कि इसका एकमात्र उद्देश्य 'हरियाणा और देश के युवाओं' को नशे की लत में धकेलना था। उन्होंने कहा कि यह किस तरह की कांग्रेस है? कांग्रेस का पहला अक्षर सी भ्रम के लिए, सी भ्रष्टाचार के लिए और अब सी कोकीन के लिए है। कांग्रेस जो अब तक भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती थी, अब कोकीन के लिए जानी जाती है।



## विदेश मंत्री एससीओ शिखरवार्ता के लिए पाकिस्तान जाएंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर 15-16 अक्टूबर को पाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में पड़ोसी देश जाएंगे। एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं। हालांकि भारत-पाकिस्तान के संबंधों के कारण यह माना जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें शामिल नहीं होंगे। एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है जो सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। भारत, पाकिस्तान के अलावा चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान इसके सदस्य हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री का पाकिस्तान जाना केवल बहुपक्षीय बैठक में सम्मिलित होना है। इसका द्विपक्षीय पक्ष कुछ नहीं है। प्रवक्ता ने बांग्लादेश के नेता मोहम्मद युनुस के सार्क (दक्षिण एशिया सहयोग संगठन) को दोबारा सक्रीय किए जाने के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत क्षेत्रीय सहयोग और संपर्क बढ़ाने का पक्षधर है तथा विभिन्न मंचों से इसके लिए प्रयास करता रहा है। जहां तक सार्क का संबंध है। एक देश विशेष (पाकिस्तान) के रवैये के कारण मंच में प्रगति नहीं हो पा रही है। उल्लेखनीय है कि यह करीब एक दशक बाद किसी भारतीय विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा होगी।

## राष्ट्रपति ने किया वैश्विक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

**एजेंसी। जयपुर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राजस्थान के सिरोही जिले में ब्रह्माकुमारीज संस्थान के चार दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन 4 से 7 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर आध्यात्मिकता के जरिए से स्वच्छ और स्वस्थ समाज की दिशा में चर्चा की। इस कार्यक्रम में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और सीएम भजनलाल शर्मा भी मौजूद थे। सम्मेलन में शिक्षा, विज्ञान, खेल, कला एवं संस्कृति, मीडिया, राजनीति और समाज सेवा से जुड़े 15 से ज्यादा देशों की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हो रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार शाम को ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गई थीं,

### आध्यात्मिकता के जरिए से स्वच्छ और स्वस्थ समाज पर की चर्चा



और वहां सुरक्षा व्यवस्था के तहत चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। जिला प्रशासन ने व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए शांतिवन में जिला नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। कार्यक्रम में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की स्कैनिंग की गई। कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार का सामान ले जाने की इजाजत नहीं है। द्रौपदी मुर्मू को ब्रह्माकुमारीज का करीबी माना जाता है। ब्रह्माकुमारीज एक आध्यात्मिक आंदोलन है जिसकी स्थापना 1930 के दशक में हैदराबाद, सिंध में हुई थी। यह आंदोलन मानव शरीर और सामाजिक पहचानों से परे जाने के महत्व पर जोर देता है, जिसे ध्यान के जरिए प्राप्त किया जा सकता है। ब्रह्माकुमारीज का उद्देश्य आत्म-चेतना पर केंद्रित वैश्विक संस्कृति स्थापित करना है, जिसमें शरीर के बजाय आत्माओं के रूप में पहचान की धारणा को महत्व दिया जाता है। इस शिखर सम्मेलन में आध्यात्मिकता, जागरूकता, और मानवता की सेवा के कई पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा, जो कि एक स्वस्थ और समर्पित समाज की स्थापना के लिए जरुरी है।

### बिहार के सुपौल में 20 लोगों से भरी नाव कोसी नदी में पलटी, सभी सुरक्षित

**पटना।** बिहार में सुपौल जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिरगंज ठाड़ी धत्ता के पास शुक्रवार कोसी नदी में 20 लोगों से भरी नाव पलट गई। नाव पर क्षमता से अधिक लोग सवार थे। भार अधिक होने के कारण नाव अनियंत्रित होकर नदी में पलट गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची आपदा मित्र की टीम ने रेस्क्यू कर सभी को बचा लिया । पुलिस के मुताबिक किसनपुर थाना क्षेत्र के बाढ़ की चपेट में आने से पीरगंज से दुबियाही जाने वाली सड़क बाढ़ के पानी में बह चुकी है, जिसके कारण क्षेत्र के लोग नाव के जरिए आवागम कर रहे हैं। शुक्रवार को 20 लोग छोटी नाव पर सवार होकर नदी पार कर रहे थे। इस बीच नाव अनियंत्रित होकर कोसी नदी में पलट गई। हादसे के बाद नाव सवार लोगों में चीफ-पुकार मच गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची आपदा मित्र की टीम ने सभी लोगों को सुरक्षित पानी से बाहर निकाला और एक बड़ी अनहोनी टल गई। हादसे में किसी तरह की कोई जान-माल की क्षति नहीं हुई है। मौके पर स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची है और हालात का जायजा लिया है।

### जाकिर नाइक को पाकिस्तान में मिला स्वागत निंदनीयः विदेश मंत्रालय


**नई दिल्ली।** विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक की पाकिस्तान यात्रा आजकल सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। विदेश मंत्रालय ने भगोड़े नाइक को वहां मिले स्वागत को निंदनीय एवं निराशाजनक बताते हुए कहा है कि पाकिस्तान की हरकतों को देखते हुए यह आश्चर्यजनक नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमने रिपोर्टें देखी हैं कि जाकिर नाइक का पाकिस्तान में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। हमारे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि एक भारतीय भगोड़े का पाकिस्तान में उच्चस्तरीय स्वागत किया गया। यह निराशाजनक और निंदनीय है लेकिन आश्चर्य की बात नहीं है। जाकिर नाइक एक विवादित भारतीय इस्लामी उपदेशक हैं। अपने विवादित बयानों और भाषणों के कारण उनपर आतंकवाद को बढ़ावा देने और धर्मांतरण के आरोप लगे हैं। भारत में जाकिर नाइक के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं, जिनमें आतंकवाद के वित्तपोषण, धर्मांतरण और धार्मिक भावनाओं को भड़काने के आरोप शामिल हैं। उन्हें 2016 में भारत से भागने के बाद से भगोड़ा घोषित किया गया है। जाकिर नाइक वर्तमान में मलेशिया में रहते हैं और हाल ही में पाकिस्तान गए हैं जहां उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से भी मुलाकात की।



## मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने तैनात की फौज, भारत ने खाड़ी में लगा दिए जहाज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इजरायल-ईरान तनाव के बीच मिडिल-ईस्ट की स्थिति तेजी से बदल रही है। दुनिया के तमाम देश इस पर नजर रख रहे हैं। अमेरिका ने 43 हजार सैनिक तैनात करने का फैसला किया है तो ब्रिटेन भी अपनी सेना बढ़ाने की बात कह रहा है। कुल मिलाकर ये दोनो ही देश आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। इधर भारत ने शुरु से ही शांति का संदेश देने की कोशिश की है। भारत की नजदीकी इजरायल और ईरान दोनों से बराबर की रही है। हालांकि इसके बावजूद तनाव के समय में मिडिल-ईस्ट में भारतीय सेना की एकाएक तैनाती बिना कहे भी बहुत कुछ कह रही है। भारतीय नेवी के तीन जहाज इस वक्त ईरान के पोर्ट पर खड़े हैं। फारस की खाड़ी में ट्रेनिंग मिशन के



तहत मंगलवार को भारतीय नौसैनिक जहाज-आईएनएस शार्दुल, आईएनएस तीर और आईसीजीएस वीरा ईरान के बंदर अब्बास पहुंचे। भारत के इन नेवी शिप का स्वागत ईरानी नौसेना के जहाज़ ज़ेरेह ने किया। यह कदम भारत और ईरान के बीच बढ़ते नौसैनिक सहयोग के लिए हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यह आदेश दिया है कि जल्द ही मिडिल ईस्ट में अमेरिका के कुल सैनिकों की संख्या 43,000 तक पहुंच जाएगी। मौजूदा वक्त में वहां अलग-अलग देशों में कुल 40 हजार अमेरिकी सैनिक हैं। अमेरिका इस जंग में इजरायल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। ईरान से तनाव के बीच आने वाले वक्त में लड़ाई छिड़ने का खतरा बना हुआ है। यही वजह है कि अमेरिका ने अतिरिक्त तीन हजार सैनिक मिडिल-ईस्ट में भेजने का ऐलान किया है। एक आम समय में हर वक्त मिडिल-ईस्ट में अमेरिका के करीब 34 हजार सैनिकों की तैनाती रहती है। पिछले साल गाजा में इजरायल के एक्शन के बाद कुछ समय के लिए इसे बढ़ाकर करीब 50 हजार तक भी पहुंचा दिया गया था। हालांकि बाद में इसे कम कर दिया गया। अब अमेरिका के साथ-साथ नाटो में उसके सबसे खास पार्टनर ब्रिटेन ने भी मिडिल-ईस्ट में अपनी सैना बढ़ाने का ऐलान कर दिया है।

## महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**इस मौके पर समाज के लोगों द्वारा महापौर को महाराजा अग्रसेन की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया**

**चाणक्य भूमि बेतिया**



लाल बाजार स्थित जोड़ा शिवालय में अग्रवाल समाज के आराध्य अग्रसेन महाराज की जयंती गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने अपने आराध्य अग्रसेन महाराज की तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर शांति के दूत अग्रसेन महाराज को याद किया। मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। कहा जाता है कि उनके राज में कोई दुखी या लाचार नहीं था। बचपन से ही वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय थे। वे एक धार्मिक, शांति दूत, प्रजा वत्सल, हिंसा विरोधी, बली प्रथा को बंद करवाने वाले, करुणानिधि, सब जीवों से प्रेम, स्नेह रखने वाले दयालु राजा थे।

**किवदंती के अनुसार महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक तत्कालीन प्रचलन का सिक्का व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से नवागन्तुक परिवार स्वयं के लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध कर सके।**

**भारत सरकार ने भी महाराजा अग्रसेन को सम्मान देते हुये २४ सितंबर १९७६ में २५ पैसे का डाक टिकट उनके नाम पर जारी किया गया। यही नहीं सन १९९५ में भारत सरकार ने दक्षिण कोरिया से ३५० करोड़ रूपये में एक विशेष तेल वाहक पोत खरीदा, जिसका नाम "महाराजा अग्रसेन" रखा गया। जानकारी के लिये बता दे कि राष्ट्रीय राजमार्ग -१० का आधिकारिक नाम महाराजा अग्रसेन पर ही है।**

इस कार्यक्रम में बेतिया नगर निगम की महापौर गरिमा सिकारिया को अराध्य देव की तस्वीर देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर नव दुर्गा पूजा समिति, प्रादेशिक सम्मेलन समेत सभी मारवाड़ी संगठनों के लोग समेत पूरा समाज एकत्रित हुआ था। कार्यक्रम के बाद सभी के लिये राजस्थानी दाल बाटी चुरमा के साथ खीर की भी व्यवस्था थी।

**अखिल भारतीय अग्रहरि समाज की जिला इकाई ने बेगम खैर कालोनी रामेश्वरपुरी में कार्यक्रम का आयोजन किया। संयोजन राम गोपाल गुप्त अग्रहरि द्वारा किया गया। वक्ताओं ने अग्रसेन महाराज के समाजोत्थान संबंधी कार्यो का उल्लेख किया गया।**

# 21 घंटे से कम सप्लाई में बिल पर मिलेगी छूट



### कनेक्शन कटा तो पुश बटन दबाइए बिजली आ जाएगी, रात में अचानक नहीं कटेगी लाइट

**पटना,एजेंसी।** बिहार में स्मार्ट बिजली मीटर पर पॉलिटिक्स जारी है। लोगों का आरोप है कि बिजली बिल पहले से ज्यादा आ रहा है। विपक्षी दल भी इसके खिलाफ लगातार आंदोलन कर रहे हैं। आरजेडी, कांग्रेस, भाकपा-माले का आरोप है कि इसके जरिए आम जनता को लूटा जा रहा है। पैसा नहीं रहने पर बिजली काट दी जाती है। क्या सच में स्मार्ट मीटर से बिजली बिल बढ़ गया है? क्या बैलेंस नहीं रहने पर बिजली काट दी जाएगी। ये पारदर्शी है या नहीं? क्या बिजली बिल के नाम पर साइबर फ्रॉड भी हो रहे हैं? ऐसे तमाम सवालों के जवाब पटना के डीएम डॉ. चंद्रशेखर और बिजली विभाग के अधिकारियों ने दिए हैं...

#### नवंबर तक पटना में सभी घरों में लग जाएंगे स्मार्ट मीटर

नवंबर तक पूरे पटना जिले में 100त्न उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगा दिए जाएंगे। 21 घंटे से कम बिजली मिलने पर बिल में छूट दी जाएगी। हर घर में स्मार्ट मीटर लगाना जरूरी है। आप जितनी राशि का रिचार्ज कराएंगे, उतना ही इस्तेमाल कर सकेंगे। पटना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 12 लाख उपभोक्ता हैं। करीब 7.25 लाख लोगों के यहां स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। नवंबर अंत तक 100त्न लोगों के घरों में इस नए मीटर को लगा दिया जाएगा।

#### पुश बटन 20 सेकेंड तक दबाने पर सप्लाई चालू हो जाएगी

कनेक्शन कटने के बाद पुश बटन 20 सेकेंड तक दबाने पर सप्लाई चालू हो जाएगी। बैलेंस नहीं रहने या माइनस में होने पर भी 3 दिन तक बिजली नहीं कटेगी। आपको रिचार्ज के लिए एक सप्ताह का समय मिलेगा। रात में अब अचानक बिजली नहीं कटेगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच ही कटेगी।

डीएम ने आगे कहा कि मीटर में लगे पुश बटन के माध्यम से उपभोक्ता पैसा नहीं रहने या बैलेंस माइनस में रहने के बाद भी एक सप्ताह तक इस्तेमाल कर सकते हैं। कनेक्शन कटने के बाद मीटर में लगे पुश बटन को 20 सेकेंड तक दबाए रखिए। कनेक्शन रिस्टोर हो जाएगा। एक महीने में एक ही बार ही इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

#### मीटर बंद रहने पर भी पैसे कटते हैं ये अफवाह है

डीएम डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि स्मार्ट मीटर की खूबियों को जाने बिना अफवाह फैलाई जा रही है। जैसे स्मार्ट मीटर तेज चलता है। बिल ज्यादा आ रहा है। बंद रहने पर भी पैसा कटता है। कभी भी बिजली काट दी जाती है। बिल के जरिए साइबर फ्रॉड हो रहा है। इन सब बातों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। ये पूरी तरह से पारदर्शी है।

#### पुराने मीटर में शिकायतें मिल रही थीं, इसलिए लाया गया स्मार्ट मीटर

ऐसी चर्चा है कि नए और पुराने दोनों मीटर एक ही तरह का रीडिंग करता है। अब सवाल उठता है कि आखिर जब सब कुछ एक जैसा ही है तो इसकी जरूरत क्या है। इस पर डीएम ने कहा कि पहले बिल में गड़बड़ी की शिकायतें बहुत आ रही थी। लोग कहते थे कि हमारा घर बंद था, फिर भी बिल ज्यादा आ गया। इस समस्या को दूर करने के लिए नए मीटर को लगाया जा रहा है। ताकि सब कुछ पारदर्शी रहे। पुराने मीटर के रीडिंग में बहुत मैन फोर्स लग रहा था। घर बंद रहने पर दोबारा कर्मियों को रीडिंग के लिए जाना पड़ता था। इसके बाद भी कोई नहीं मिलने पर पुराने बिल के आधार पर ही नया बना दिया जाता था। पुराने मीटर में टेम्परिंग की भी शिकायत रहती थी। तमाम समस्याओं को दूर करने के लिए स्मार्ट मीटर लाया गया है।

#### 21 घंटे से भी कम बिजली सप्लाई तो बिल में मिलेगी छूट

स्मार्ट मीटर लगने के बाद अगर किसी उपभोक्ता को 21 घंटे से भी कम बिजली दिया जा रहा है, तो उन्हें बिल में कुछ छूट भी दी जाएगी। पुराने मीटर में ऐसी कोई सुविधा नहीं थी, लेकिन नए मीटर में ये सुविधा मौजूद है। साथ ही लोड बढ़ने पर लगने वाले फाइन को भी 6 महीना तक के लिए बढ़ा दिया गया है। मतलब तत्काल फाइल नहीं लगेगा। इसके लिए विभाग आपको 6 महीने का समय देगी। 6 महीने में आप लोड कम कर लीजिए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग बिल का प्रावधान है। शहरी इलाकों में 100 यूनिट तक 4.57 प्रति यूनिट और 100 से ऊपर 6.06 पैसा प्रति यूनिट रखा गया है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में 50 यूनिट तक प्रति यूनिट 2.90 रुपए और 50 से ऊपर प्रति यूनिट 3.10 रुपए चार्ज रखा गया है।

#### स्मार्ट मीटर तेज क्यों चलता है

बिहार में सितंबर 2019 से इसकी शुरुआत की गई थी। टेस्टिंग के लिए सबसे पहले बिजली ऑफिस, बिजली बोर्ड के कर्मचारी, बिजली विभाग से जुड़े लोगों के यहां लगाया गया। नॉर्मल मीटर में जितना बिल आता था, उतना ही बिल नए मीटर में भी आ रहा था। इसके बाद ही इसको आम उपभोक्ताओं के यहां लगाया गया।

उपभोक्ता के यहां लगाने से पहले इसकी टेस्टिंग की जाती है। इसके बाद इसे इन्स्टॉल किया जाता है। इसके बावजूद अगर लोगों को लगता है कि उनका मीटर तेज चल रहा है तो एनएबीएल और बीओआईएस जैसे लैब में मीटर की रैंडम टेस्टिंग करा सकते हैं। साथ ही उपभोक्ता जांच के लिए कुछ दिनों तक नए मीटर के साथ पुराने मीटर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### कटिहार के लाभा स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी में लगी आग:देखने गया युवक झुलसा

**कटिहार,एजेंसी।** कटिहार-मालदा रेल खंड के लाभा स्टेशन पर गुरुवार को प्लेटफार्म 3 पर खड़ी एक मालगाड़ी में अचानक आग लग गई। स्टेशन मास्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मालगाड़ी कटिहार से क्रॉसिंग के लिए रुकी थी, तभी आग लग गई, जिससे अफरातफरी मच गई। आग की सूचना मिलने पर रेल प्रशासन ने फायर ब्रिगेड को बुलाया, जिसने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

इस घटना से कई ट्रेनें घंटों लेट हो गई। आग देखने गए लाभा गांव के युवक मोहम्मद फैसल आग की चपेट में आकर झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेजा गया। बताया गया कि मालगाड़ी में डीजल लदा था, जो ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। आग से क्षतिग्रस्त बोगियों को ट्रेन से अलग कर दिया गया। घटना के बाद स्थानीय यात्री और ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। रेलवे के वरीय अधिकारियों को सूचित कर ट्रेन परिचालन बहाल कर दिया गया है।

### पुलिस टीम पर हमला करने में शामिल पांच आरोपितों ने किया आत्मसमर्पण

**गया,एजेंसी।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रेलवे ओवरब्रिज के पास डायल 112 की पुलिस टीम पर हमला कर पिस्टल छिनने के मामले में गुरुवार को पांच आरोपियों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है। पुलिस की दबिश बढ़ने के बाद आरोपियों ने आत्मसमर्पण किया। इसकी जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम हमला मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका था। अन्य पांच फरार चल रहे थे। इनलोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिसिया दबिश बढ़ने के बाद अन्य पांच आरोपियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वालों में रघु कुमार, कारू मांझी, बबलू मांझी, शिवा मांझी व भोला मांझी शामिल है। बतादें कि बीते 10 सितंबर की देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रेलवे ओवर ब्रिज के पास 10 की संख्या में रहे अपराधियों ने डायल 112 के टीम पर हमला कर दिया था। इस क्रम में अपराधियों ने पुलिस की बाइक और सर्विस पिस्टल छीनी ली थी।

### तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दंपत्ति को रौंदा:पत्नी की मौत, पति गंभीर

**पोठिया, एजेंसी।** कटिहार के पोठिया थाना क्षेत्र में एसएच-77 सड़क पर गुरुवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। घटना नरहिया पेट्रोल पंप के पास की है। बताया जा रहा है कि चंदन कुमार मंडल और उनकी पत्नी सरिता देवी रहटा से समेली जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समेली लाया गया, जहां चिकित्सकों ने सरिता देवी को मृत घोषित कर दिया। चंदन कुमार मंडल गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे थे विधायक :सीतामढ़ी में लोगों ने घेरा

**सीतामढ़ी,एजेंसी।** सीतामढ़ी में बागमती नदी का तटबंध टूटने से लगभग 40 गांवों की दो लाख से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में आ गई है। बेलसंड और रुन्नीसैदपुर प्रखंड के कई गांवों में तटबंध टूटने से बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। इससे सैकड़ों परिवारों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। प्रभावित लोग एनएच-77 या ऊंचे स्थानों पर रहने को मजबूर हैं।



बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों को मवेशियों के चारे और सुरक्षित स्थान की समस्या हो रही है। सड़कों पर पानी भरने से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। प्रशासन की तरफ से राहत कार्य शुरू होने में देरी के कारण लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। रुन्नीसैदपुर से जेडीयू विधायक पंकज मिश्रा जब बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे तो नाराज ग्रामीणों ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायक के सामने ही मुर्दाबाद के नारे लगाए गए, जिसके बाद उनका वहां से कटते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय लोग राहत सामग्री और प्रशासनिक सहायता की कमी से परेशान हैं।

# एनसीईआरटी का प्लान -कोचिंग-ट्यूशन का चक्कर खत्म, घर बैठे पोर्टल पर मुफ्त पढ़ाई

**भागलपुर,एजेंसी।** अब पोर्टल से घर बैठे बिहार के विद्यार्थी निशुल्क पढ़ाई करेंगे। इससे उनकी कोचिंग और ट्यूशन की निर्भरता खत्म हो जाएगी। इसकी पहल राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने की है। इस बाबत देशभर के 25 केंद्रीय विद्यालय और 25 अन्य स्कूलों के शिक्षकों को मुक्त शैक्षिक संसाधन (ओईआर) का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों की मदद से स्कूलों में बच्चों को सभी मुक्त शैक्षिक संसाधनों के बारे में बताया जाएगा।

मुक्त शैक्षिक संसाधन का मतलब सीखने और पढ़ाने की ऐसी सामग्री, जो किसी के भी उपयोग के लिए ऑनलाइन निशुल्क उपलब्ध हो। इनमें निष्ठा, स्वयं व दीक्षा समेत सभी पोर्टल की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण पानेवालों में बिहार के केन्द्रीय विद्यालयों के पांच शिक्षक भी शामिल हैं। इन्हें मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। पटना रीजन के छह क्लस्टर के पांच-पांच शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। ये पांच शिक्षक अब पटना रीजन के छह क्लस्टर से पांच-पांच शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे।



बीते 30 अगस्त को पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम केन्द्रीय विद्यालय कंकड़बाग में हुआ। इसमें पटना रीजन के कुल छह क्लस्टर बरौनी, कटिहार, मुजफ्फरपुर, पटना, सोनपुर और गया से कुल 30 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उन्हें एनसीईआरटी के सभी ऑनलाइन पोर्टल के बारे में बताया गया, जिस पर बच्चे पढ़ाई कर सकते हैं।

#### इंटरनेट से बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे

इस मामले में केन्द्रीय विद्यालय कहलगांव की प्राचार्य डॉ. जया पांडे मिश्रा ने बताया कि इंटरनेट के माध्यम से बच्चे अच्छे तरीके से पढ़ाई कर सकेंगे। एनसीईआरटी के ऐसे कई पोर्टल हैं, जो घर बैठे बेहतर तैयारी कराते हैं। अन्य माध्यमों से पाठ्य सामग्री ढूंढ़ने में उन्हें परेशानी नहीं होगी। शिक्षक बच्चों के स्वअध्ययन के लिए मार्गदर्शन करेंगे। विशेषज्ञ शिक्षक बच्चों की आवश्यक मदद करेंगे। उन्हें कोचिंग की जरूरत नहीं होगी। एनसीईआरटी की कोशिश है कि बच्चों की सभी जरूरतें पोर्टल पर या विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से पूरी की जाएंगी।

# नालंदा में 6 अक्टूबर को सम्मानित होंगे सैकड़ों खिलाड़ी

### बिहार अवार्ड सेरेमनी का होगा आयोजन, राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर कार्यक्रम

**नालंदा,एजेंसी।** नालंदा के हरनौत में 6 अक्टूबर को एक ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। यहां 24वीं बिहार अवार्ड सेरेमनी 2024 का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों पैरालंपिक और सामान्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में योगेंद्र सिंह (निदेशक, माध्यमिक शिक्षा), विजय प्रकाश मीणा (निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग), शशांक शुभंकर (जिलाधिकारी, नालंदा), भारत सोनी (पुलिस अधीक्षक, नालंदा) और पूर्व निशक्त आयुक्त डॉ. शिवाजी कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति शिरकत करेंगे। यह संभवतः आजादी के बाद पहली बार है जब हरनौत में बिहार स्तरीय इतना बड़ा खेल का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन के माध्यम से दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मानित करके उनके हौसले को बढ़ावा दिया जाएगा और उन्हें प्रेरित किया जाएगा।

#### कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है

आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन ने पूरी तरह से तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। आयोजन स्थल को साफ-सुथरा रखने के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह आयोजन दिव्यांगों के लिए एक मंच प्रदान करेगा जहां वे अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे और सम्मानित हो सकेंगे। यह आयोजन दिव्यांगों के प्रति समाज के नजरिए को बदलने में भी मदद करेगा।



#### ये करेंगे कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम का आयोजन बिहार स्पोर्ट्स एसोसिएशन, स्पेशल ओलंपिक भारत-बिहार, बिहार डिसएबल स्पोर्ट एकेडमी, बिहार दीफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन, बिहार ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन, इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ सेरेबरल पलसी, इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ ऑटिस्म, बिहार एसोसिएशन ऑफ पीडब्ल्यूडी, पाटलिपुत्र पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ समर्पण और एक्शन फॉर ऑल चाइल्ड कंसर्न के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

## गंडक के जलस्तर में कमी से बाढ़ पीड़ितों को राहत :मोतिहारी में किसानों ने मुआवजे की मांग की

- **बोले-सैकड़ों एकड़ में लगी फसल हुई बर्बाद**

**मोतिहारी,एजेंसी।** मोतिहारी के संग्रामपुर प्रखंड के पूछरिया गाँव में पांच दिनों तक बाढ़ का पानी कम होने के बाद तबाही का मंजर सामने आया है। बाढ़ से खेतों और घरों में भारी मलवा जमा हो गया है। किसानों के घर टूट गए हैं, और उनकी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं।



किसानों ने नाव पर टीम से बातचीत में बताया कि प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिली है, और उनकी सारी उम्मीदें अब बह गई हैं। खेतों में बाढ़ ने तीन बार कहर ढाया है, जिससे फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। अब किसानों के सामने यह सवाल है कि आने वाले दिनों में वे क्या खाएंगे। किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है ताकि उनकी फसल बर्बादी की भरपाई हो सके।

**सौ एकड़ में लगी फसल बर्बाद:** जगदेव साह और नीरज सिंह ने कहा कि सरकार को न केवल मुआवजा देना चाहिए, बल्कि नदी से होने वाले कटाव पर भी तुरंत काम शुरू करना चाहिए, जिससे भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके। लगभग सौ एकड़ से अधिक धान और गन्ने की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं।

# मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया और पटना के बीच वंदे भारत चलाने का प्लान

- **त्योहारों में बिहारियों का घर आना होगा आसान**

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** बिहार के लोगों के लिए खुशखबरी है। त्योहार पर उत्तर बिहार के रेलयात्री वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेन में सफर का मजा ले सकते हैं। दीपावली और छठ के मौके पर दिल्ली से बिहार के लिए चार वंदे भारत या अमृत भारत पूजा स्पेशल चलाने की तैयारी रेलवे कर रहा है। यह दोनों गाड़ियां बिहार की पटरियों पर कब से दौड़ेगी, रेलवे बोर्ड ने फिलहाल यह तय नहीं किया है। इसमें एक सप्ताह से अधिक का समय लग सकता है।



त्योहार पर नई दिल्ली से बिहार खासकर मुजफ्फरपुर और दरभंगा बड़ी संख्या में लोग आते हैं। ऐसे में उत्तर बिहार आने वाली ट्रेनें ओवरलोड होती हैं। सामान्य रिजर्वेशन में टिकट मिलना तो दूर तत्काल टिकट भी नहीं मिल पाता है। ऐसे में रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की सहूलियत के लिए दिल्ली से मुजफ्फरपुर, दरभंगा के साथ गया और पटना के बीच एक-एक वंदे भारत या अमृत भारत त्योहार स्पेशल चलाने की तैयारी की है। इसे लेकर संबंधित जोन को रेलवे बोर्ड की ओर से तैयारी करने को कहा गया है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि रेलवे की ओर से नहीं की गयी है।

## मुजफ्फरपुर में गोदाम सील शराब की बोतलें होती थी पैक

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में उत्पाद विभाग की टीम ने एक गोदाम सील किया है। यहां शराब पैकिंग होती थी। टीम ने मौके से भारी मात्रा में स्प्रिट से तैयार शराब, अर्द्ध निर्मित शराब, विदेशी शराब की बोतलें, पैकेट, रैपर, ढक्कन, मुहर, बॉटलिंग मशीन और वाटर प्लांट जब्त किए गए हैं।



टीम ने शराब तस्कर धीरज कुमार को भी गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। अन्य की धंधेबाजों की पहचान की जा रही है। विभाग ने लदौरा के पास डुमरी पुल के पास कार्रवाई की है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर शिवेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार शराब धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि विदेशी शराब की बोतल पैकेजिंग का काम चल रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद उत्पाद विभाग की विशेष टीम ने मौके पर छापेमारी की। इस दौरान एक की गिरफ्तारी हुई है।


## बाइक के धक्के से महिला की मौत, बाइक छोड़कर भागा

**छपरा,एजेंसी।** छपरा-मशरक मुख्य मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेंनुआ गांव के समीप तेज गति से जा रहे बाइक सवार ने एक महिला को धक्का मार दिया। गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। मृतका स्थानीय थाना क्षेत्र की चंदा देवी बताई जाती है। शव का पोस्टमार्टम छपरा सदर अस्पताल में हुआ। घर के रहने वाले महेश राय ने बताया कि वह बाजार से घर आ रही थी तभी बाइक सवार में टक्कर मार दी और वह गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। ? बाइक सवार तेजपुरवा गांव का रहने वाला बताया जाता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

उधर घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख पुकार और कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार को ढांढस आसपास के महिलाओं ने घर पर पहुंचा कर दिया। लोगों का कहना था कि बाइक सवार तेज गति से गाड़ी चला रहा था। यही वजह है कि महिला की जान चली गई।

## संक्षिप्त समाचार

# किशोर की पोखर में डूबने से मौत में डूबा



**चा० भूमि, बेतिया**।बैरिया थाना क्षेत्र के बेतिया के समीप हाडसरैया आंगनबाड़ी केंद्र के पास ईस्थित गढ़े में 14 वर्षीय किशोर डूबा।घटना कि जानकारी मिलते हि सैकड़ों कि संख्या में ग्रामीणों कि भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी।वही स्थानीय गोताखोर गढ़े में काफी खोजबीन किया परंतु किशोर नही मिल सका।वही ग्रामीणों द्वारा तीन पंप सेट लगाकर गढ़े से पानी निकला जा रहा है।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि इसकी जानकारी मिलते है घटनास्थल पर पुलिस बल भेज दिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार हाडसरैया वार्ड नंबर 2 निवासी खलील खा के 14 वर्षीय पुत्र अफजल सौच कर गढ़े के पास गया ।जहा उसके पैर फिसल जाने के चलते गढ़े में जा गिरा।वही इसकी सूचना मिलते ही उसके परिजन व ग्रामीण घटनास्थल पर मौजूद होकर स्थानीय गोताखोरों की मदत से काफी खोज बिन किए।लेकिन अधिक गहरा गड्ढा एवं उसमे वारिश का पानी लबा लब भर जाने के चलते नही मिल सका ।वही स्थानीय ग्रामीणों ने तीन दमकल लगाकर गढ़े से पानी निकले में जुटे हुवे है।इस घटना से उसके परिजनों में चीख पुकार मची हुई है।

# नाव समेत भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद



**चा ० भूमि, नानोसती**। बैरिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के लौकरिया घाट से एक नाव समेत अवैध विदेशी शराब बरामद किया है।वही पुलिस को दूर से आते देख धंधेबाज नाव पर लदे शराब छोड़ भागने में कामयाब रहा।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि धंधेबाज गंडक दियारा के रास्ते एक नाव पर भरी मात्रा में शराब का खेप ला रहा हैं।जिसकी भनक मिलते हि जामदार सर्वेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर लौकरियां घाट पर पहुंच कर पुलिस छान बीन में जुट गई।वही दूर से पुलिस को आते देख धंधेबाज नाव पर शराब लदे छोड़ भागने में कामयाब रहा ।तलाशी के दौरान नाव पर चार कार्टून विदेशी शराब बरामद किया गया।वही तस्करी के प्रयोग में लाई जा रही एक नाव पुलिस ने जप्त कर अग्रिम करवाई में जुटी हुई है।विदित हो कि पिछले वर्ष दरोगा मधु कुमारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के डुमरिया से तस्करी के प्रयोग में लाई जा रही एक नाव समेत अवैध शराब भरी मात्रा में बरामद की थी।जिसके बाद शराब माफियाओं में हड़कंप मची हुई थी।

## राज्य की औद्योगिक इकाइयों में कार्बन गैसों का उत्सर्जन मापने के लिए मशीन लगेगी

**पटना**। पटना ठंड का मौसम आते ही पटना समेत प्रदेश के सभी जिलों में वायु प्रदूषण बढ़ जाता है। अधिकांश जिलों में एक्यूआई लेवल 300 से पार हो जाता है। छोटे-बड़े उद्योगों से निकलने वाला धुआं हवा में मिलकर लोगों के स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। राज्य में बड़े उद्योगों से निकलने वाले धुएं में कौन-कौन सी गैस ज्यादा रहती है, इसकी जांच के लिए उत्सर्जन मापक यानी एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम लगेगा। इसके जरिए वायु प्रदूषण का पता लग सकेगा। नई और पुरानी उद्योग इकाइयों में एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया जाएगा। उन उद्योग संचालकों को खुद ही मशीन लगानी है, जो सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के नियम से चल रहे हैं। औद्योगिक उत्सर्जन की निगरानी के लिए पटना, पूर्णिया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, आरा, बक्सर सहित राज्य के सभी जिलों में 100 इकाइयों में सीईएमएस लगाना है। 40 इकाइयों में यह लग गया है, बाकी में मार्च तक लगा लेना है। इनमें से निकलने वाली जहरीली गैसों को कंटीन्यूअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम (सीईएमएस) का इस्तेमाल कर कम किया जाएगा। पार्टिकुलेट मैटर में सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड जैसे प्रदूषकों का आंकड़ा जानकर उद्योगों को पर्यावरण मानकों के अनुरूप किया जाएगा। पीएम 10 व 2.5 की हर दिन होगी जांच राज्य के चीनी, सीमेंट, चमड़ा, वस्त्र समेत विभिन्न बड़े उद्योगों में एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम लगेगा। सभी मशीन को ऑनलाइन सेंट्रलाइज किया जाएगा। ताकि राज्य के साथ केंद्र सरकार तक बिहार की औद्योगिक इकाइयों से होने वाले उत्सर्जन की जानकारी पहुंच सके। मशीन लगने के बाद एक-एक घंटे पर कार्बन डाइ ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड सहित कार्बन से संबंधित गैसों के उत्सर्जन की मात्रा की जानकारी मिलेगी। साथ ही पीएम 10 और पीएम 2.5 का अपडेट आंकड़ा उपलब्ध रहेगा। वायु गुणवत्ता में सुधार होगा

## पूर्व मध्य रेल को पहली छमाही में 15871 करोड़ रुपए की आय

**पटना**। पूर्व मध्य रेल को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में अप्रैल से सितंबर माह तक माल ढुलाई सहित अन्य स्त्रोतों से आय में वृद्धि के साथ कुल 15871 करोड़ रुपए से अधिक की प्रारंभिक आय हुई है। यह आय पिछले वर्ष की समान अवधि में हुई प्रारंभिक आय 15181 करोड़ की तुलना में 4.55 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल से सितंबर तक पूर्व मध्य रेल ने 97.95 मिलियन टन का माल लदान किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में माल लदान 96.99 मिलियन टन की तुलना में लगभग 1 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल से अगस्त तक माल लदान से पूर्व मध्य रेल को 13125 करोड़ रुपए की आय हुई जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि के दौरान माल लदान से हुई आय 12810 करोड़ की तुलना में 2.46 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल से सितम्बर के दौरान मक्का, गेहूं, बॉक्साइट एवं मिनरल ऑयल की लोडिंग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## यात्रियों के लिए निशुल्क रात्री बस सेवा की शुरुआत

**हाजीपुर**। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, हाजीपुर जंक्शन और रामाशीष चौक बस स्टैंड पर देर रात उतरने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैशाली पुलिस ने निशुल्क रात्रि बस सेवा की शुरुआत की है। यह सेवा यात्रियों को सुरक्षित रूप से उनके घरों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना के तहत दो बसें चलाई जा रही हैं। पहली बस हाजीपुर जंक्शन से रामाशीष पासवान चौक, बिदुपुर और जंदाहा तक जाएगी, और फिर महुआ होते हुए वापस हाजीपुर जंक्शन आएगी। दूसरी बस हाजीपुर जंक्शन से अनजान पीर चौक, लालगंज, मौना, गोरौल और भगवानपुर होते हुए पुनः हाजीपुर लौटेगी। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, दोनों बसों में हथियारबंद पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार का डर न हो। इसके अलावा, बस मार्गों पर पुलिस पेट्रोलिंग भी की जाएगी, जिससे जिले के मुख्य मार्गों की निगरानी सुनिश्चित हो सके। फिलहाल यह सेवा त्योहारों को ध्यान में रखते हुए अस्थायी रूप से शुरू की गई है।

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत

## ईंट लेने बाइक से जा रहे थे तीनों, अनियंत्रित होकर गिरे तो ट्रक ने कुचला

**एजेंसी, पटना।**

पटना में सड़क हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई। घर बनाने के लिए तीनों एक बाइक पर सवार होकर ईंट लेने फतुहा के मकसूदपुर जा रहे थे। इस दौरान गांधी टोला के समीप अचानक बाइक अनियंत्रित हो गया और तीनों सड़क पर जा गिरे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने तीनों को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। तीनों का सिर बुरी तरह से कुचला गया। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान फतुहा थाना क्षेत्र के रुकुनपुर गांव निवासी गंगा राय (42), उनके बेटे राहुल कुमार (23) और महमदपुर गांव निवासी ठेकेदार रविशंकर राय




(28) के रूप में हुई है।

**प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करते थे पिता-पुत्रः** दरअसल, गंगा राय अपना मकान बनवा रहे थे। इसके निर्माण के लिए तीनों ईंट लेने जा रहे थे तभी हादसा हुआ। घटना के बाद लोगों ने सबसे पहले डायल 112 को इसकी सूचना दी। मौके पर फतुहा थाने की पुलिस भी पहुंची और तीनों के शव को लेकर फतुहा थाना पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। तीनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना में जान गंवाने वाले पिता-पुत्र गांव के ही एक प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करते थे, जिससे परिवार चलता था। गंगा राय के दो बेटे थे, जिसमें से एक की मौत हो गई।

**सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचेः** वहीं इस पूरे मामले में फतुहा थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि घटना की सूचना जैसे ही मिली हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे। वहां स्थिति को नियंत्रण में करते हुए तीनों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पत्नी पर फायरिंग, कमरे में बंद होकर बचाई जान

**एजेंसी, पटना।**





पटना में पति अरविंद प्रताप ने पत्नी प्राकृति रानी पर मारपीट के दौरान फायरिंग कर दी। पत्नी ने किसी तरह कमरे में बंद होकर अपनी जान बचाई और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल और दो खोखा भी बरामद किया है। सिटी के खाजेकला थाना की पुलिस अगर पत्नी की सूचना पर समय पर नहीं पहुंचती तो पति द्वारा पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी गई होती। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से एक पिस्तौल और दो खोखा भी बरामद किया है।

**हत्या की नीयत से की फायरिंगः** घटना के बारे में बताया जा रहा है कि खाजेकला थाना क्षेत्र के जग्गी चौराहा मोहल्ला निवासी पति अरविंद प्रताप अपनी पत्नी प्राकृति रानी के साथ मारपीट कर रहा था। इस दौरान हत्या की नीयत से उसने पत्नी पर फायरिंग कर दिया। किसी तरह पत्नी अपनी जान बचाकर एक कमरे में बंद होकर इसकी सूचना खाजेकला थाना को दे दी। पुलिस ने अरविंद प्रताप के पास से एक पिस्टल और दो खोखा बरामद किया है। खाजेकला थाना प्रभारी ने बताया कि पति-पत्नी के बीच मारपीट की सूचना मिली थी। प्राकृति रानी ने अपने पति पर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। पत्नी ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति के द्वारा हत्या की नीयत से फायरिंग की गई थी, जिससे वह बाल-बाल बच गई।

# पटना में आरजेडी MLC के प्रतिनिधि को मारी गोली

**एजेंसी, पटना।**

पटना में शुक्रवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े आरजेडी नेता को गोली मार दी। घर से पास ही अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है। आनन-फानन में परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान आरजेडी MLC कार्तिकेय सिंह के प्रखंड प्रतिनिधि अजय कुमार के तौर पर हुई है। घटना बिहटा थाना क्षेत्र के जीजे कॉलेज मार्ग की है। अजय कुमार के भतीजे मोहित ने बताया कि 'गोली की आवाज सुनकर हम लोग घर से बाहर निकले। इस बीच बाइक सवार अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से चाचा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।' MLC प्रखंड प्रतिनिधि के साथ दयालपुर दौलतपुर पंचायत समिति के प्रतिनिधि भी हैं। वही, बिहटा थानाध्यक्ष राजकुमार



♦ घर के पास टारगेट कर की फायरिंग, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

पांडे ने बताया कि 'जीजे कॉलेज मार्ग के मुख्य गेट के पास अजय कुमार को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया है। घायल हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।'

# नवादा कांड पर हाई कोर्ट ने लिया संज्ञान

**एजेंसी, पटना।**

पटना हाई कोर्ट ने नवादा में हुई अगलगी की घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को सुनवाई की। करीब 80 दलितों के घर को जला दिया गया था। चीफ जस्टिस के. विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष सुनवाई की गई। उक्त मामले में खंडपीठ ने राज्य सरकार को विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के महाधिवक्ता पीके शाही ने बताया कि घटना के बाद तुरंत कार्रवाई की गई। 24 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। पुनर्वास, भोजन-पानी समेत अन्य राहत सामग्रियों की भी व्यवस्था की गई। यहां तक की स्कूल की भी व्यवस्था की गई। कोर्ट में मुकदमा भी चल रहा है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 29 नवंबर को होगी।

**क्या है पूरा मामलाः** बिहार के नवादा में दलित बस्ती में दबंगों ने बुधवार 18 सितंबर को रात 8 बजे करीब 80 घरों में आग लगा दी थी। आरोपियों ने फायरिंग भी की। लोगों के साथ मारपीट भी हुई। गांव में हालात पर काबू पाने के लिए 5 थानों की पुलिस पहुंची। इस घटना की वजह जमीन विवाद बताया जा रहा है। मामला नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ददौर स्थित कृष्णा नगर दलित बस्ती का है। गांव के एक



बड़े भूखंड पर दलित परिवार रहते हैं। इसी भूखंड को लेकर दूसरे पक्ष से विवाद चल रहा है। इसकी सुनवाई कोर्ट में हो रही है। पीड़ित परिवारों का आरोप है कि अचानक दबंगों ने हमला कर दिया। घरों में आग लगा दी। फायरिंग भी की।

**मुख्य आरोपी समेत 15 गिरफ्तारः** मुख्य आरोपी नंदू पासवान समेत 15 लोगों को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। नंदू पासवान का बेटा नागेश्वर पासवान कृष्णा नगर के वार्ड-16 का वार्ड सदस्य है। बहू सरिता भारती आंगनवाड़ी सेविका है। बहू के अनुसार जिस जगह पर आगजनी की घटना हुई, वहां उसके ससुर (नंदू पासवान) की 4 डिसमिल रैयती जमीन है।

**रविदास-मांझी का घर बचना नहीं चाहिएः** पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया गया था कि, 'सभी लोग अपने हाथ में पिस्टल, लाठी-डंडे और

**सरकार को हलफनामा दाखिल करने का आदेश, 29 नवंबर को अगली सुनवाई**

पेट्रोल लेकर आए थे। नंदू पासवान, जमुना चौहान, आशीष यादव अपने साथ आए लोगों को ललकारते हुए बोल रहा था कि एक भी रविदास और मांझी का घर बचना नहीं चाहिए। सबके घर में आग लगा दो और लूटपाट कर लो। इसके बाद सभी लोग हमारे गांव पर टूट पड़े, घरों में आग लगा दी, तोड़फोड़ की। पैसे लूट लिए। जब-जब हम अपनी संपत्ति को बचाने के लिए आगे आते तो वे लोग फायरिंग करने लगते थे।' इस घटना में गोरेलाल रविदास, बैशाखी मांझी, उपेंद्र मांझी, मचंद्र मांझी, शिकंदर मांझी, सागर कुमार, नेवल माझी, संजय मांझी, भुटाली मांझी, सिया रविदास, डोमा रविदास, विनेश्वर मांझी, डोमा मांझी, मिथलेश मांझी, दारा मांझी, विजय रविदास, मनोज मांझी, संजय रविदास, रामवृक्ष रविदास, गोल्ला मांझी, मंटूस मांझी, बिरेंद्र प्रसाद, बसंत मांझी, झपसी मांझी, सूरज रविदास, गुजुर मांझी, लाखो मांझी, राजो मांझी, मनोज मांझी, महेंद्र मांझी, किशोर रविदास, साहेब मांझी और अखिलेश मांझी समेत 35 लोगों का घर और पूरा सामान कपड़ा, बर्तन, अनाज जल गया।'

# संजीव की गिरफ्तारी के लिए EOU की कोर्ट से अपील

**एजेंसी, पटना।**

सिपाही बहाली पेपर लीक मामले में परीक्षा माफिया संजीव मुखिया की गिरफ्तारी पर कोर्ट ने रोक लगा रखी है। आर्थिक अपराध इकाई (EOU) उसकी गिरफ्तारी पर लगी रोक के खिलाफ कोर्ट गई है। सिपाही बहाली, शिक्षक बहाली और नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में उसकी संलिप्तता से जुड़े सबूत कोर्ट को सौंपे गए हैं। ईओयू उसकी संपत्ति भी खंगाल रही है। संजीव मुखिया नूरसराय उद्यान महाविद्यालय में तकनीकी सहायक है, जहां से उसे निलंबित किया जा चुका है। उसका बेटा परीक्षा माफिया डॉ. शिव, प्रेस मालिक कौशिक कर सहित 16 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। सिपाही परीक्षा 1 अक्टूबर 2023 को थी। इसका प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। राज्य में दर्जन भर से अधिक अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी हुई थी। 2 अक्टूबर 2023



को पूर्व डीजीपी और केंद्रीय चयन पर्षद के तत्कालीन अध्यक्ष एसके सिंघल ने इसका खंडन करते हुए बयान दिया था कि पेपर लीक नहीं हुआ है। बाद में मामले की जांच हुई और उसके अगले ही दिन 3 अक्टूबर 2023 को उन्हें मानना पड़ा कि परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र माफियाओं तक पहुंच गया था। मामले की जांच आर्थिक अपराध इकाई (EOU) कर रही है।

**संजीव मुखिया समेत दो की तलाश जारीः** सिपाही बहाली पेपर लीक केस में अबतक सरगना संजीव मुखिया सहित दो आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। संजीव मुखिया को नीट यूजी पेपर लीक

**लगी रोक हटाने के खिलाफ याचिका, सिपाही, शिक्षक और नीट पेपर लीक से जुड़े सबूत सौंपे**

कांड में सीबीआई भी तलाश रही है। इसके अलावा ईओयू शिक्षक बहाली प्रश्नपत्र लीक मामले में भी कुछ आरोपियों को तलाश रही है। ऐसी आशंका है कि कुछ कोचिंग संचालक शिक्षक और सिपाही बहाली पेपर लीक कांड में शामिल रहे हैं।

**पूर्व डीजीपी पर 10 % कमीशन लेने का आरोपः** पूर्व डीजीपी सिंघल पर सिपाही बहाली के प्रश्नपत्र की छपाई का ठेका देने के लिए प्रेस मालिक से 10% कमीशन लेने का आरोप है। यह आरोप ब्लेसिंग सेक्योर/कालटेक्स मल्टीमीडिया प्रेस के मालिक कौशिक कर ने लगाया था। ब्लेसिंग सेक्योर ब्लैकलिस्टेड कंपनी है। प्रश्नपत्र की छपाई का ठेका देने से लेकर जिलों में भेजने की व्यवस्था तक कई जगहों पर नियमों का उल्लंघन किया गया। ईओयू ने अपनी जांच में पूर्व डीजीपी की लापरवाही मानी है और गृह विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा है। जांच टीम पूर्व DGP और तत्कालीन अध्यक्ष एसके सिंघल और उनकी पत्नी सुमिता सिंघल के बैंक खातों को खंगाल रही है। इसके लिए दिल्ली स्थित फाइनेंसियल इंटेलिजेंस यूनिट (FIU) के एडिशनल डायरेक्टर से मदद मांगी गई। FIU की रिपोर्ट बताती है कि सुमिता सिंघल के नाम से कई खाते एक्टिव हैं। एसके सिंघल के नाम से 4 अकाउंट UBI में है। 5 अकाउंट SBI में हैं। 1 अक्टूबर 2023 को सिपाही बहाली परीक्षा थी। 27 सितंबर को जेनिथ लॉजिस्टिक को सीलबंद गाड़ियों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिलों के कोषागार को प्रश्नपत्र भेजना था।

# जमीन सर्वे पर रोक की मांग वाली याचिका खारिज

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में चल रहे जमीन सर्वे पर रोक लगाने के लिए दायर जनहित याचिका को याचिकाकर्ता अधिवक्ता राजीव रंजन सिंह ने शुक्रवार को वापस ले लिया गया। आज पटना हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि याचिका में पर्याप्त ब्यौरा नहीं है। जिसके बाद याचिकाकर्ता ने इसे वापस ले लिया।

इसके साथ ही कोर्ट ने इसे खारिज भी कर दिया। चीफ जस्टिस के. विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष इस याचिका पर सुनवाई हुई। जमीन सर्वे पर रोक लगाने के लिए अधिवक्ता राजीव रंजन सिंह ने 18 सितंबर को पटना हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि वर्तमान सर्वे में बहुत खामियां हैं। कोई कानूनी तंत्र नहीं अपनाया गया है।

**मुख्य सचिव और ACS को बनाया था प्रतिवादीः** याचिका में यह भी आरोप लगाया गया था कि वर्तमान सर्वे से स्थिति और बदतर होगी, जिसकी वजह से भविष्य में मुकदमेबाजी बढ़ेगी। वर्तमान सर्वे में आने वाली कठिनाइयों की अनदेखी की गई है। याचिकाकर्ता ने 7 सितंबर, 2024 को राज्य के मुख्य सचिव, राज्य के राजस्व व भूमि सुधार विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को अभ्यावेदन देने का काम भी किया था।

याचिकाकर्ता का यह भी कहना था कि बहुत से ऐसे मामले हैं, जिनमें जमीन पर अधिकार को लेकर अदालत में मामले लंबित हैं। याचिका में राज्य के चीफ सेक्रेटरी और राज्य के राजस्व व भूमि सुधार विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को प्रतिवादी बनाया गया।

# मां वन देवी पूरी करती हैं भक्तों की मनोकामना

**एजेंसी, पटना।**

पटना से लगभग 32 किलोमीटर की दूरी पर बिहटा प्रखंड के राघोपुर कंचनपुर गांव में मां वन देवी का महाधाम है। नवरात्र के मौके पर अलग-अलग जिलों से श्रद्धालु यहां पूजा करने आते हैं। वन देवी मंदिर को मां विंध्यवासिनी के शक्ति पीठ मंदिर के रूप में जाना जाता है। लगभग 400 वर्ष पहले मां विंध्यवासिनी के पिंड का अंश लाकर उनके भक्त विद्यानंद मिश्र ने स्थापना करायी थी। हालांकि, तब मिश्रीचक काफी जंगली इलाका था इसलिए इसका नाम वनदेवी रखा गया।

**सपने में आई थी मां विंध्यावासिनीः** ऐसे तो इस मंदिर को लेकर कई मान्यताएं हैं,लेकिन सबसे ज्यादा चर्चित विद्यानंदजी मिश्र से जुड़ा हुआ है। विद्यानंदजी मिश्र कालांतर मां के बहुत बड़े भक्त थे। उन्हें लोग अद्भुत सिद्धि के कारण आज भी जानते हैं। विद्यानंद उन दिनों भी मां विंध्यवासिनी, वैष्णोदेवी और मैहर में जाकर पूजा-अर्चना किया करते थे। वृद्धावस्था में जब उन्हें चलने में परेशानी होने लगी, तो एक रात मां विंध्यवासिनी उनके सपने में आई। उन्होनें कहा कि हमारे पिंड का कुछ अंश लेकर चलो, मैं तुम्हारे साथ चलूंगी। विद्यानंद इस स्वप्न के बाद विंध्याचल गए और पिंड का अंश लेकर बिहटा के मिश्रीचक स्थित जंगल में पहुंचे, जहां उन्होंने एक जगह पर उनकी स्थापना कर प्रतिदिन पूजन करने लगे। उन दिनों बनारस के एक सन्यासी विद्यानंद की परीक्षा लेने के लिए भेड़ों का झुंड लेकर पहुंचते थे। विद्यानंद, वन देवी मंदिर में ध्यान में लीन थे. सन्यासी ने अपने भेड़ों से कई सवाल कराकर उनके ध्यान तोड़ने का प्रयास करने लगे। विद्यानंद ने अपने आगे रखे कलश पर त्रिपुंड से स्पर्श किया, तो भेड़ों के सवाल का जवाब उस कलश से निकलने लगा। सन्यासी को इस बात पर गुस्सा आ गया और उसने कलश पर प्रहार कर दिया। इससे कलश का एक टुकड़ा टूटकर (कनखा) अशोक के वृक्ष पर चला गया। कहा जाता है कि इससे मां



**विद्यानंद मिश्र ने 400 वर्ष पहले लाया था मां विंध्यवासिनी का पिंड, अब दूर-दूर से मंदिर में पहुंचते हैं भक्त**

वनदेवी क्रोधित हो गई और टूटे कनखे से सन्यासी को दंड देना शुरू कर दिया। मां के क्रोध को शांत करने के लिए विद्यानंद ने अपना ध्यान तोड़कर क्षमा की विनती की। तब जाकर उस सन्यासी की जान बची।

**दूर-दराज इलाकों से पहुंचते हैं भक्तः** नवरात्रि के महीने में मंदिर में पूजा करने दूर-दराज इलाकों से भक्त पहुंचते हैं। अन्य दिनों में मंगलवार और रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जाती है। जलि के पुराने और सिद्ध मंदिरों में मां वन देवी महाधाम भी काफी प्रसिद्ध है, जिसके कारण पटना मुख्यालय में बैठे तमाम IAS, IPS अधिकारी भी इस मंदिर में पूजा करने आते हैं।

**पूरी होती है भक्तों की मनोकामनाः** वही वन देवी मंदिर के मुख्य पुजारी



सितलेश्वर मिश्र ने बताया कि 1600. ई. में इस मंदिर में राघोपुर मिश्रीचक के युगपुरुष विद्यानंद मिश्र के द्वारा मां विंध्यवासिनी के पिण्ड की स्थापना की गई थी।नवरात्रि के पावन महीने में नौ दिन अखंड दीप जलता है। साथ ही विशेष श्रृंगार के अलावा भजन भी होता है। ऐसे भी वन का उल्टा करें तो नव होता है, जहां नव शक्ति विराजमान हो उसे मंदिर का महत्व अलग ही होता है। पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों से नवरात्रि के मौके पर श्रद्धालु आते हैं और अपनी मनोकामना मांगते हैं। मां के दरबार में जिनकी मनोकामना पूरी होती है वो भी यहां पूजा करने आते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

# पूर्वी चंपारण जिला में स्मार्ट मीटर लगाने का 52% लक्ष्य प्राप्त

**» मोतिहारी डिवीजन में 48%, रक्सौल डिवीजन में 65% एवं चकिया डिवीजन में 46% का लक्ष्य हासिल**

**चा ० भूमि मोतिहारी।** डिविजन के कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि मोतिहारी डिवीजन अंतर्गत कुल 285767 विद्युत उपभोक्ता हैं जिसमें से 138214 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है और इस प्रकार 48 प्रतिशत उपलब्धि अभी तक प्राप्त की गई है। उन्होंने बताया है कि मोतिहारी डिवीजन के ग्रामीण इलाके में 233817 विद्युत उपभोक्ता हैं जिसमें 95808 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इस तरह से मोतिहारी डिवीजन के शहरी क्षेत्र में 51950 विद्युत उपभोक्ता के विरुद्ध 42406 स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं।चकिया डिवीजन के कार्यपालक अभियंता ने बताया है कि चकिया डिवीजन में कुल 295175 उपभोक्ताओं के विरुद्ध 136600 स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं जिसकी उपलब्धि 46% रही है। उन्होंने बताया है कि चकिया डिवीजन के ग्रामीण क्षेत्र में 275590 विद्युत उपभोक्ता है जिसके विरुद्ध 122932 स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। चकिया डिवीजन अंतर्गत शहरी क्षेत्र में 19585 विद्युत उपभोक्ता के विरुद्ध 13668 स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं।रक्सौल डिवीजन के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इस डिवीजन में कुल 212908 विद्युत उपभोक्ता हैं जिसमें 137375 स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है और यहां पर उपलब्धि 65% दर्ज की गई है।समेकित रूप से देखने पर पूरे जिले में कुल 793850 विद्युत उपभोक्ताओं के विरुद्ध 412189 स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं और इस प्रकार जिले में 52% की उपलब्धि हासिल की गई है।कार्यपालक अभियंताओं ने बताया है कि स्मार्ट मीटर लगाने के क्रम में उपभोक्ता से कोई शुल्क नहीं ली जा रही है। सभी पुराने मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर का अधिष्ठापन किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर पर विद्युत उपभोक्ताओं को पूर्व के भुगतान पर 1.5 प्रतिशत का प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है। ऑनलाइन रिचार्ज के लिए एक प्रतिशत तथा स्मार्ट मीटर पर वित्तीय लाभ के रूप में 0.5 प्रतिशत का लाभ दिया जा रहा है। अभियंताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर द्वारा डाटा स्वतः ही बिलिंग सर्वर पर आ जाता है जिससे ऊर्जा रीडिंग के लिए मीटर रीडर की जरूरत नहीं पड़ती है एवं ऑनलाइन माध्यम से समय पर विपत्र प्राप्त किया जा सकता है। मानव हस्तक्षेप नहीं होने से विद्युत विपत्र में त्रुटि की संभावना बिल्कुल ही नहीं रहती है। स्मार्ट मीटर के कारण बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होने से उपभोक्ताओं में विद्युत विपत्र को समझने में सुविधा होती है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर के अधिष्ठापन से पहले विद्युत बकाया राशि को 300 दिनों में भुगतान करने की व्यवस्था की गई है जिससे उपभोक्ताओं को बकाया राशि एक मुफ्त जमा करने के वित्तीय भार से मुक्ति मिलती है। इस प्रकार स्मार्ट मीटर विद्युत उपभोक्ताओं के लिए हर तरह से लाभकारी है।

# नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई उपासना


**चा० भूमि, मैनाटाड़।** वैदिक मंत्रोच्चारण एवं देवी के जयघोषो के साथ शुक्रवार को नवरात्र के दूसरे दिन मैनाटाड़ प्रखंड क्षेत्र मे मां ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा की गई । देवी मां के दाहिने हाथ में माला और बाएं हाथ में कमंडल हमेशा विराजमान रहता है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली।आचार्य राजेश पाण्डेय और आचार्य सुनील मिश्रा के अनुसार मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तपाए, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। शारदीय नवरात्र को लेकर मंदिरों पूजा पंडालों में श्रद्धालु महिला पुरुष भक्त पहुंच रहे हैं। सुबह से ही मां भगवती के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। चारों तरफ मां भगवती के कर्णप्रिय बज रहे गानों से माहौल भक्तिमय हो गया है। दुर्गा मंदिरों और शक्तिपीठों में भक्त सप्तशती का पाठ बड़े ही श्रद्धा भाव से पढ़ रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता का हुआ भव्य स्वागत



**चा० भूमि, मोतिहारी पू.च.।** शुक्रवार को सुबह चम्पारण निवासी, सुप्रीम कोर्ट के जाने-माने युवा अधिवक्ता श्री आशीष कुमार सिन्हा सुप्रीम कोर्ट बार एसोशिएशन के चुनाव मे कार्यकारिणी सदस्य के पद पर भारी बहुमत से जीत हासिल करने के बाद पहली बार अपने घर पहुँचे। सबसे पहले मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों लोगों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया उसके बाद उनके धर्म समाज रोड, स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। अधिवक्ता आशीष सिन्हा ने सैकड़ों के तादात मे पहुँचे लोगों एवं मीडिया के समक्ष आने वाले विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव लड़ने हेतु अपनी दावेदारी पेश की और गरीबों और जरूरतमंद चम्पारण वासियों के लिए मुफ्त मे कानूनी सहायता देने की भी घोषणा की।

# समीक्षात्मक बैठक का आयोजन



**चा० भूमि, मोतिहारी।** नगर आयुक्त नगर निगम की अध्यक्षता में आगामी दुर्गा पुजा में सफाई व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन हेतु एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे नगर निगम क्षेत्र में स्थापित होने वाली मुर्तियों / मंदिरों के आसपास एवं संपूर्ण शहर की सफाई पर चर्चा की गयी।जिसके तहत नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत चुने हुए 32 पंडालों / पुजा स्थलों के आसपास श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर रात्रि में भी प्रयाप्त संख्या में स्वच्छता कर्मियों तथा सफाई वाहनों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण में पुजा करने का अवसर प्राप्त होगा। शहर की सभी कचरा प्वाईन्टों पर दो पालियों में सफाई की जायेगी जिसके तहत रात्री में विशेष सफाई करायी जाएगी। चुना- ब्लीचिंग की व्यापक छिड़काव के साथ मुख्य मार्गों की विशेष सफाई पर चर्चा करते हुए उचित दिशा निदेश दिया गया। इसका पर्यवेक्षण संबंधित वार्ड जमादार तथा प्र० स्व० निरीक्षक द्वारा किया जायेगा साथ ही सभी पंडालों / पुजा स्थलों पर सफाई के उपरान्त चुना- ब्लीचिंग का भी छिड़काव करने का निदेश दिया गया। इस बैठक में गुरु शरण, उप नगर आयुक्त अमित सहाय, नगर प्रबंधक प्रशांत कुमार चौधरी एवं सरोज कुमार, स०लो० स्व० एवं अप० प्र० पदाधिकारी, मु० स्व० निरीक्षक एवं प्र० मु० स्व० निरीक्षक एवं दोनो सफाई एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव का उद्घाटन

चा ० भूमि

**» प्रतिभाशाली कलाकारों ने लिया भाग**



**मधुबनी/बिहार।** नगर भवन मधुबनी में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव का उद्घाटन डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव कला के विभिन्न विधाओं के प्रतिभाओं विशेषकर सुदूर क्षेत्रो में रहने वाले के लिए लिए एक अच्छा मंच है, आगे उन्होंने कहा कि इसमें सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा, जिससे वे अपनी कला का प्रदर्शन राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर कर सकते है। आगे जिलाधिकारी ने कहा कि आज जब अधिकतर युवा मोबाइल के जंजाल में फंसकर नाहक अपना समय बर्बाद करते हैं। आज युवाओं के द्वारा शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक गीत, चित्रकारी, वक्त्रिता जैसे विधाओं में भाग लेना जिले के भविष्य के लिए सुखद संकेत है। फिर उन्होंने जिले की महान लोक संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह धरती ही लोक संस्कृति की धरती है। मधुबनी में चित्रकला तो विश्वविख्यात है ही, यहां गायन और वादन की भी समृद्ध लोक परम्परा भी रही है। ऐसे में उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला स्तरीय युवा उत्सव से सभी विधाओं में योग्यतम प्रतिभागी चुने जाएंगे जो आगे चलकर राज्य और देश के स्तर पर जिले का नाम रौशन करेंगे। साथ ही उन्होंने आयोजन को सफलीभुत करने के लिए सभी अधिकारियों और कलाकारों को हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं और मधुबनी को प्रगति के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। आगे हम बताते चलें कि इस दौरान समूह गायन में संगत कलाकार सहित दस कलाकार, समूह लोकनृत्य में (संगत कलाकार सहित बीस कलाकार, एकांकी में अधिकतम बारह कलाकार, शास्त्रीय नृत्य, कत्थक, ओडिसी, भरत नाट्यम, मणिपुरी तथा कुच्चीपुड़ी, राष्ट्रीय गायन "एकल प्रस्तुति" में संगत कलाकार सहित तीन कलाकार, शास्त्रीय वादन की "एकल प्रस्तुति" में (सितार, गिटार, तबला, बांसुरी, वीणा, मृदंग) हारमोनियम वादन (सुगम) वक्तृता "एकल प्रस्तुति" (हिन्दी या अंग्रेजी) के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इसमें सफल प्रतिभागियों के चयन के लिए बारह सदस्यीय चयन समिति बनाई गई है, जिसमें सभी चयनित सफल प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे। उक्त अवसर पर जिले के पदाधिकारियों में उप विकास आयुक्त दिपेश कुमार, उप निर्देशक जन_सम्पर्क परिमल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. जावेद, जिला खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार एवं निर्वाचक मंडल में पंडित राम वृक्ष सिंह, रवि शंकर मिश्र, शिव नारायण मिश्र, नागेंद्र कुमार गौड़, किरण वर्मा, पूनम कुमारी अग्रवाल, जटाधर पासवान, आशा देवी, उर्मिला देवी, विभा दास, डी. पी. कर्ण, रमन प्रसाद सिंह, ऋषि वशिष्ठ शामिल थे, बता दे की मंच का संचालन डॉ. अभिषेक कुमार के द्वारा किया गया।

# जनता दरबार में 107 आवेदन की हुई सुनवाई संबंधी पदाधिकारी को दिए गए निर्देश



चा ० भूमि

**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार, मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिलेभर के विभिन्न प्रखंडों से आए 107 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गई ।वही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण शैलेंद्र भारती ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, पंचायती राज विभाग, भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश एडीएम पीजीआरओ के द्वारा प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। कार्यक्रम में एडीएम आपदा प्रबंधन राजेश्वरी पांडे एवं जिलाधिकारी के विशेष कार्य पदाधिकारी अमरेश कुमार ने भी जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों का समाधान किया।

# मछली लोक के पास ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, पांच घायल

चा० भूमि,मझोलिय्या

**मझोलिया।** शुक्रवार की रात 09 बजे एनएच 727 के मछली लोक के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से ई रिक्सा पर सवार तीन महिलाये और दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को जीएमसीएच बेतिया भिजवाया, जिसमे एक महिला की हालत दयनीय बतायी गयी है।अंधेरा का लाभ उठाकर ट्रक चालक फरार हो गया।





# कस्तूरबा विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

चा० भूमि, मोतिहारी।




अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम, जिला प्रशासन व बाल विकास परियोजना के तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पिपराकोठी परिसर में रैली तथा चित्रकला प्रतियोगिता काआयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी प्रथम, अर्चना कुमारी द्वितीय रिचा कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। बाल विकास परियोजना पिपराकोठी की ओर से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को स्कूल बैग, कलम, कॉपी, टिफिन बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी श्वेता, लेडिज सुपरवाइजर अलका कुमारी, वंदना सिप्पी,कार्यपालक सहायक विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

# स्वच्छता के क्षेत्र में गौनाहा प्रखंड को जिला में मिला सम्मान

चा० भूमि,गौनाहा



**» स्वच्छता के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य को लेकर डीएम ने बीडीओ, मनरेगा पीओ, स्वच्छता प्रवेक्षक को किया सम्मानित**

"स्वच्छता ही सेवा" अभियान अंतर्गत आयोजित सम्मान समारोह में जिला सभागार प.चम्पारण(बेतिया) में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, उप महानिरीक्षक जयंतकांत,उप विकास आयुक्त सुमित कुमार,डीआरडीए निदेशक अरुण प्रकाश ने स्वच्छता ही सेवा में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवजन्म राम, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश कुमार सिंह,स्वच्छता पर्यवेक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद उर्फ अमित कुमार, राकेश कुमार,कार्यपालक सहायक अविष्कार कुमार, मुखिया ग्राम पंचायत राज भितिहरवा मुन्नी देवी,लिटिल स्टार एकेडमी जमुनिया के प्रधान शिक्षक मुकेश कुमार को प्रशस्ति-पत्र,मेडल,मोमेंटो देकर सम्मानित किया।स्वच्छता के क्षेत्र में गौनाहा निरंतर सक्रिय प्रयासरत हैं।स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित कुमार ने अपने सम्मान को सभी गौनाहा स्वच्छता परिवार,प्रखंड विकास पदाधिकारी,प्रखंड समन्वयक,मुखिया, पंचायत सचिव सहित विधालय भविष्य को समर्पित किया हैं।

# सरकार पर्चाधारियों के जमीन पर जल्द से जल्द कराए कब्जा - पारस अम्बेडकर

चा० भूमि



**कोटवा।** पूर्व पर्चाधारियों गरीबों,भूमिहीनों को दिए गए पर्चा की जमीन पर दखल कब्जा दिलाने को लेकर भूमिहीनों -गरीबों को वासकित का एवं खेती करने के लिए पांच पांच एकड़ जमीन का पर्चा दिलाने, जिनका पर्चा आग में जल गया है या पानी/बाढ़ में दह गया है उसे पुनः शिविर लगाकर पर्चा देने के लिए चरणबद्ध आन्दोलन चलाने एवं भूमि से जुड़े अन्य मामलों को लेकर कोटवा अंचल सह प्रखण्ड स्तरीय बैठक अनुसूचित जाति सामुदायिक भवन दीपउ टलवा के प्रांगण में अंचल सह प्रखण्ड स्तरीपर्चाधारियों ,गरीबों,भूमिहीनों की एक बैठक का आयोजन किया गया।अध्यक्षता भूमि अधिकार आन्दोलन बिहार के राष्ट्रीय संयोजक पारसनाथ अम्बेडकर ने किया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि जिन्हें पूर्व में पर्चा मिला है उसे दखल कब्जा करना,बासकित भूमि का पर्चा नही या मिला है उन्हें पर्चा दिलाना है , जो गैमाजरुआ भूमि पर बसे है किंतु ,उन्हें पर्चा निर्गत नहीं किया गया है उसे पर्चा निर्गत कराने तथा पर्चा निर्गत किया गया है किंतु दखल कब्जा नहीं है उसे दखल कब्जा दिलाया जाए । बैठक में सैकड़ों पुरुष महिलाओं ने भाग लिया । पीड़ितों ने बताया की वे लोग सीओ,भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं जिला प्रशासन के कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक चुके है । बैठक में लोगो ने नारा लगाया कि जो जमीन सरकारी है,वह जमीन हमारी है ।अम्बेडकर ने कहा कि जब तक सभी भूमिहीनों -गरीबों को वास की भूमि नहीं दिया जाता है एवं पर्चाधारियों को उनकी पर्चा की भूमि पर दखल कब्जा नहीं होगा तब तक जन आन्दोलन चलता रहेगा । बैठक में मुख्य रूप से आन्दोलन के सह संयोजक उपेन्द्र कुमार भारती उर्फ उगम राम , वरिष्ठ समाजसेवी इद्रिश मियां,सह संयोजक शंभू राम ,बिरन राम, संजय राम, नितेश राव अम्बेडकर,यादवलाल राम,राम,सुनरपति देवी, मनीष राम, सीताराम मांझी,प्रभु मांझी, रामाश्रय राम, विन्देश्वर राम, रामप्रवेश राम, विकास कुमार, संजय राम, रंजीत कुमार, चन्द्रेश्वर राम, कलावती देवी,केशवरराम रमेश राम,छठु मांझी,जगी देवी, दिनेश्वर राम, सुरेन्द्र राम, विनोद राम, श्यामबाबू दास,सहित सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। उक्त बैठक में भूमि अधिकार आन्दोलन का कोटवा अंचल सह प्रखण्ड का चयन किया गया। जिसमें संयोजक बिरन राम,सह संयोजक यादवलाल राम, मनीष राम, चन्द्रेश्वर राम,छठु मांझी, सीताराम मांझी, हरेंद्र राम, विनोद राम को बनाया गया एवं अचल स्तरीय कमिटी को पंचायत स्तर पर कमिटी गठन करने का जिम्मा दिया गया।

# शारिरिक,सामाजिक और बौद्धिक विकास के लिए खेल जरूरी



चा० भूमि, मोतिहारी

महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, यूनिसेफ के सहयोग से बाल रक्षा भारत सेव द चिल्ड्रेन द्वारा संचालित उड़ान परियोजना के अंतर्गत किशोर-किशोरी नेतृत्व अभियान के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनरझूला परिसर में बरमदिया पंचायत के किशोरी समूहों के बीच कबड्डी मैच खेला गया। इस अवसर पर उड़ान परियोजना के जिला समन्वयक हामिद रज़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। खेल में शारिरिक सामाजिक और बौद्धिक विकास होता है। खेल के माध्यम से टीम भावना का विकास होता है। खेल बच्चों के अंदर लीडरशिप का जज्बा पैदा करता है। श्री हामिद ने कहा कि खेल पॉवरफुल टूल है जिससे हमारा मानसिक और शारीरिक विकास होता है, साथ ही ड्राप आउट बच्चों को भी खेल के माध्यम से हम विद्यालय में नियमित कर सकते हैं। ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।अनुमंडल सभागार चकिया में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए मेडल और प्रशस्ति पत्र भी वितरित किये गए। इस अवसर पर यूनिसेफ पटना से परश्वरा भी मौजूद थी।प्रधान शिक्षक मोहम्मद इमरान के द्वारा कबड्डी टीम के रेफरी सहित सभी 14 प्लेयर को कॉपी, कलम दिया गया। इस अवसर पर उड़ान परियोजना जिला समन्वयक हामिद रज़ा,उड़ान परियोजना के प्रखंड समन्वक जितेंद्र कुमार सिंह,प्रधानाध्यापक मोहम्मद इमरान, विकास मित्र कविता कुमारी, मैच रेफरी गीतांजलि कुमारी,निधि कुमारी ,राजनंदनी, काजल ,संजना, रुचिका, श्वेता, राजनंदिनी, स्वाति, नाजिया खातून ,आलिया, नजमीन, सजदा,जोया, आपसा, सुहाना, नेहा खातून, मुस्कान, अख्तरी, रोशनी, साजिया सहित बड़ी संख्या में अन्य बच्चों ने भाग लिया।

# कोटवा माई स्थान परिसर में सीने पर नौ कलश रखे समाधि में लीन हैं भक्त



चा० भूमि

**कोटवा।** नवरात्र में भक्तों की आस्था के कई रंग देखने को मिल रहा है। सब अपनी-अपनी तरह से भक्ति स्वरूप मां जगदंबे की आराधना में लगे हैं ।कोटवा प्रखंड क्षेत्र के कोटवा देवी माई स्थान परिसर में एक भक्त अपने सीने पर 9 कलश स्थापित कर मां दुर्गा से मानव कल्याण का कामना कर रहा है। अयोध्या के हनुमान गढ़ी के 68 वर्षीय संत कृष्णा नंद त्यागी जी महाराज विगत 48 वर्षो से सीने पर नौ कलश धारण कर बिना अन्न जल ग्रहण किए मां दुर्गा के समाधि में लीन रहते हैं। संत की माने तो नवरात्र के पहले से ही उसे लगता है कि उसे मां दुर्गा पुकार रही है। अभी तक संत भिन्न भिन्न जगहों पर जल समाधी,भूमि समाधी और अग्नि सेवन ले चुके हैं।वे 22 वर्ष के उम्र से ही माता का उपासना करते है। उनके सहयोगी यमुना दास और जगरनाथ दास ने बताया कि कोटवा देवी माई स्थान परिसर मे संत का समाधी 3 अक्टूबर से शुरू है जो 12 अक्तूबर के दोपहर में संपन्न हो जायेगा। जब संत से मेडिकल जांच के जरूरत के बारे में पूछा गया तो वे इंकार करते हुए कहा कि माता के कृपा से कोई अवश्यता नही पड़ती है।उन्होंने कहा कि धर्म के बिना मानव जीवन अधूरा है।संत कृष्णा नंद ने बताया कि मेरे द्वारा जनकल्याण में जनता के सहयोग से इस परिसर में हनुमान मंदिर का निर्माण कराकर 21 फीट का मूर्ति स्थापित किया जायेगा।उनके दर्शन के लिए दूरदराज से श्रद्धालु आ रहे हैं।मौके पर सहयोगी नागर दास,शिवप्रसाद साहू,रमेश दास,सुखाड़ी दास,फूलदेव दास आदि मौजूद थे।

# कप्तान फातिमा सना के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराया

**एजेंसी, शारजाह**

कप्तान फातिमा सना के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार रात शारजाह में आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप के दूसरे मैच में श्रीलंका को 31 रन से हरा दिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 116 रन बनाए और फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को 85/9 पर रोक दिया। पाकिस्तानी कप्तान सना (2/10) ने श्रीलंका की सलामी बल्लेबाज चमारी अट्टापट्टू को आउट करके महत्वपूर्ण शुरुआती सफलता हासिल की और पाकिस्तान को जीत की राह पर ले आईं। श्रीलंका के लिए केवल सलामी बल्लेबाज विशमी गुणारत्ने (34 गेंदों पर एक चौके की मदद से 20 रन) और नीलाक्षिका सिल्वा (25 गेंदों पर 22 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। पाकिस्तान के लिए सना के अलावा सादिया इकबाल ने 17 रन देकर 3 विकेट लिए।



यह एक ऐसा मैच था जिसमें गेंद का काफी दबदबा रहा, श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी पाकिस्तान पर अंकुश लगाए रखा, लगातार विकेट लेते हुए बल्लेबाजी लाइनअप को सीमित कर दिया, हालांकि कप्तान सना ने बल्ले से भी कमाल करते हुए 20 गेंदों पर 30 रन बनाए और शीर्ष स्कोरर रहीं। श्रीलंका के तीन गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें चमारी ने 18 रन देकर 3 विकेट झटके। मैच में पाकिस्तान की नई कप्तान फातिमा सना ने शारजाह में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन श्रीलंकाई गेंदबाजों ने लगातार विकेट लेते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाजों को दबाव में रखा। सुगंधिका कुमारी ने दोनों सलामी बल्लेबाजों गुल फिरोजा (4 गेंदों में 2 रन) और मुनीबा अली (14 गेंदों में 11 रन) को पावरप्ले में चलता किया। इसके बाद चमारी ने सिदरा अमीन (10 गेंदों में 12 रन ) को और कविशा दिलहारी और उदेशिका प्रबोधनी ने क्रमशः ओमाइमा सोहेल (19 गेंदों में 18 रन) और निदा डार (22 गेंदों में 23 रन) को आउट कर पाकिस्तान के मध्यक्रम को तोड़ दिया। इसके बाद कप्तान फातिमा ने आलिया रियाज को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा, जिससे उनकी स्थिति 'फिनिशर' के रूप में सामने आई। वे पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करती हैं, लेकिन इस मैच में सातवें नंबर पर आईं। लेकिन चमारी ने लगातार गेंदों पर तुबा हसन और रियाज को आउट कर पाकिस्तान को परेशानी में डाल दिया। इसके बाद कप्तान सना ने सिर्फ़ 20 गेंदों पर 30 रन बनाए, जिसकी बदौलत पाकिस्तान ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 116 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 85 रन ही बना सकी। श्रीलंका के लिए विशमी गुणारत्ने (20) और नीलाक्षिका सिल्वा (22 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई तक नहीं पहुंच सका।

## मां पीतांबरा की शरण में पहुंचे भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर, मैच से पहले लिया माई का आशीर्वाद

**एजेंसी, दतिया**

भारतीय टीम ने हाल ही में बांग्लादेश को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराया है। टेस्ट सीरीज के बाद भारतीय टीम अब बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलने के लिए तैयार है। सीरीज का पहला मुकाबला 6 अक्टूबर को ग्वालियर के नए माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए दोनों ही टीमें ग्वालियर पहुंच चुकी हैं। मैच की तैयारी भी पूरी हो चुकी है। मैच से पहले शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने दतिया के प्रसिद्ध पीतांबरा माई मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने इस दौरान पीला कुर्ता पहन रखा था।



शुक्रवार सुबह गौतम गंभीर दतिया पहुंचे और मां पीतांबरा माई के दर्शन किए। गंभीर ने मंदिर में पीतांबरा माई के दर्शन कर वनखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया और भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना की। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने गंभीर के दौरे के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया। मंदिर में दर्शन के बाद गौतम गंभीर ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि पीतांबरा माई पर उनकी गहरी आस्था है और उन्हें विश्वास है कि मां का आशीर्वाद भारतीय टीम को महत्वपूर्ण मैच में सफलता दिलाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा है और टीम पूरी तरह से तैयार है। गंभीर ने अपनी व्यक्तिगत श्रद्धा और आध्यात्मिकता पर जोर देते हुए कहा कि सकारात्मक ऊर्जा से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है। स्थानीय लोगों ने भी गंभीर के आगमन पर खुशी व्यक्त की और मंदिर परिसर में उनकी एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। कई प्रशंसकों ने उनके साथ फोटो खिंचवाने और ऑटोग्राफ लेने की कोशिश की, जिस पर गंभीर ने खुशी-खुशी प्रतिक्रिया दी और प्रशंसकों का अभिवादन किया। उल्लेखनीय है कि शंकरपुर स्थति माधवराव सिंधिया स्टेडियम के बनने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच हो रहा है। मैच के लिए दोनों टीमें ग्वालियर में 2 अक्टूबर को आ चुकी हैं। भारतीय टीम के साथ कोच गौतम गंभीर भी हैं। दोनों टीमों के बीच कुल 3 टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। पहला टी20 छह अक्टूबर को, दूसरा नौ अक्टूबर को और तीसरा 12 अक्टूबर को खेला जाएगा।

## महिला टी 20 विश्व कप: दक्षिण अफ्रीका की टीम पहनेगी विशेष जर्सी, प्रियजनों के नाम होंगे अंकित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के दौरान अपने करीबी दोस्तों और परिवार को समर्पित विशेष अनुकूलित शर्ट पहनकर मैदान में उतरेंगे। खिलाड़ी जब मैदान में उतरेंगे तो उनकी प्लेइंग शर्ट पर उनके जीवन के अधिकतम पांच महत्वपूर्ण लोगों के नाम अंकित होंगे, ताकि वह घर पर अपने सबसे प्रिय और समर्थित मित्रों और परिवार की याद दिला सके।

नाम प्रत्येक खिलाड़ी की शर्ट के कॉलर और नीचे की हेम के अंदर दिखाई देंगे। दक्षिण अफ्रीका की विकेटकीपर सिनालो जाफ्ता का मानना है कि यह पहल एक उत्कृष्ट विचार है। जाफ्ता ने कहा, "यह एक विशेष पहल है। जब मैं नीचे देखती हूं और उन लोगों के नाम पढ़ती हूं जो मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं, तो यह मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने और उन लोगों की याद दिलाता है जो पहले दिन से मेरे लिए मौजूद हैं।" दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट - जो संयुक्त अरब अमीरात में टी20 विश्व कप में पहली बार प्रोटियाज़ की कप्तानी करेंगी - ने कहा, "टूर्नामेंट के दौरान घर का एक टुकड़ा अपने साथ ले जाने से मुझे ताकत मिलती है। मुझे पता है कि मैं वहां अकेली नहीं हूं; मेरे प्रियजन पूरी तरह से मेरे साथ हैं।" दक्षिण अफ्रीका अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दुबई में करेगा।



## नेशंस लीग मैचों के लिए फ्रांस की टीम से बाहर हुए एमबाप्पे

**एजेंसी, पेरिस**

फ्रांस के कप्तान काइलियन एमबाप्पे को इस महीने अपनी टीम के यूईएफए नेशंस लीग मैचों से बाहर रखा गया है, कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने गुरुवार को टीम की घोषणा की। रियल मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी एमबाप्पे जांघ की चोट के कारण थोड़े समय के लिए मैदान से बाहर रहे और बुधवार को चैंपियंस लीग में लिली के खिलाफ 1-0 की आश्चर्यजनक हार में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में नजर आए।




हालाँकि, 25 वर्षीय एमबाप्पे इजराइल और बेल्जियम के खिलाफ फ्रांस के खेलों में कोई भूमिका नहीं निभाएंगे, यह निर्णय स्पष्ट रूप से एमबाप्पे को आराम करने और अपनी फिटनेस पर काम करने का मौका देने के लिए लिया गया है। फ्रांस गुरुवार, 10 अक्टूबर को इजराइल से खेलेगा, जो मध्य पूर्व में सुरक्षा स्थिति के कारण बुडापेस्ट में स्थानांतरित किया गया था। 2021 में नेशंस लीग विजेता लेस ब्लेस, इसके बाद सोमवार, 14 अक्टूबर को ब्रुसेल्स में बेल्जियम से भिड़ेंगे।

## ग्लोबल शतरंज लीग 2024: अर्जुन और प्रज्ञानानंद के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला ड्रॉ पर हुआ समाप्त

**एजेंसी, लंदन**

टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण के सबसे प्रतीक्षित खेलों में से एक पहले दिन हुआ। शतरंज ओलंपियाड में भारत की जीत में शामिल दो युवा सितारे गुरुवार को फ्रेंड्स हाउस में एक-दूसरे से भिड़े। गंगा ग्रैंडमास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले अर्जुन एरिगैसी और अल्पाइन एसजी पाइपर्स के लिए खेल रहे आर. प्रज्ञानानंद ने अपना खेल बराबरी पर समाप्त किया।



हालांकि, अल्पाइन एसजी पाइपर्स ने मैच 11-6 से जीत लिया। अन्य मैचों में, अमेरिकन गैम्बिट्स ने अपग्रेड मुंबा मास्टर्स को 11-6 से हराया और पीबीजी अलास्का नाइट्स ने गत विजेता त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स को 15-3 से हराया। इस व्यापक जीत ने अलास्का नाइट्स को शुरुआती बढ़त हासिल करने में मदद की। नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, शखरियार ममीदारोव और निहाल सरीन की जीत ने अलास्का नाइट्स को पाइपर्स और मुंबा मास्टर्स से आगे निकलने में मदद की। पाइपर्स की जीत रिचर्ड रैपॉर्ट और पूर्व महिला विश्व चैंपियन होउ यिफान द्वारा सुनिश्चित की गई, क्योंकि अन्य खेल ड्रा रहे। उन ड्रा में पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन और विश्वनाथन आनंद के बीच का मैच भी शामिल था; दोनों दिग्गजों ने दो विश्व खिताबों के लिए एक दूसरे से मुकाबला किया था। होउ ने प्रज्ञानानंद की बड़ी बहन आर. वैशाली को हराया, जबकि रैपॉर्ट ने परम मघसूदलू को हराया। काले मोहरों के साथ उन जीतों ने उनकी टीम को चार-चार अंक दिलाए (सफेद मोहरों के साथ जीत के लिए केवल तीन अंक हैं)।

# व्यापार

## पांच कंपनियों ने लिस्टिंग के जरिए दी स्टॉक मार्केट में दस्तक, सहस्र इलेक्ट्रॉनिक्स ने पहले दिन ही कराया डबल का मुनाफा

### सुस्त लिस्टिंग से फोर्ज ऑटो इंटरनेशनल ने निवेशकों को किया निराश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान लगातार उतार चढ़ाव बना रहा। इसी दौरान आज 5 कंपनियों ने लिस्टिंग के जरिए शेयर बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आज लिस्ट होने वाली 5 में से 4 कंपनियों के शेयर लिस्टिंग के साथ ही अपने निवेशकों को मुनाफा दिलाने में सफल रहे, जबकि 1 कंपनी का शेयर लिस्टिंग के बाद गिरावट का शिकार हो गया।

इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स की डिजाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कंपनी सहस्त्र इलेक्ट्रॉनिक्स सॉल्यूशंस के शेयर की आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर जोरदार एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 283 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे लेकिन आज इनकी लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 537.70 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में ये शेयर उछल कर 564.55 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह आईपीओ निवेशकों के पैसे पहले दिन ही लगभग डबल हो गए। कंपनी के आईपीओ को ओवरऑल 122.06 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन मिला था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 100.80 गुना, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 260.46 गुना और रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 74.85 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रीसाइकिल्ड पॉलिएस्टर स्टेपल फाइबर और रीसाइकिल्ड पैलेट्स बनाने वाली कंपनी दिव्यधन रीसाइकलिंग इंडस्ट्रीज के शेयर ने भी आज आईपीओ निवेशकों को बढ़िया मुनाफा कराया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 64 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे लेकिन आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 31.25 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 84 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने से ये शेयर थोड़ी ही देर में 88.20 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह आईपीओ निवेशक पहले दिन ही 37.81 प्रतिशत के मुनाफे में रहे। दिव्यधन रीसाइकलिंग इंडस्ट्रीज के 24.17 करोड़ रुपये के आईपीओ को इन्वेस्टर्स की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। इसके कारण ये ओवरऑल 40.93 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले 37.76 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने कैपिटल एक्सपेंडिचर और सामान्य कॉर्पोरेट जरूरतों के लिए करेगी। आज लिस्ट होने वाली तीसरी कंपनी पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री में कारोबार करने वाली कंपनी नेक्सस पेट्रो इंडस्ट्रीज रही। कंपनी के शेयर आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 20 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए। आईपीओ के तहत कंपनी ने 105 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे लेकिन आज इनकी लिस्टिंग 126 रुपये के भाव पर हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर 132 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। नेक्सस पेट्रो इंडस्ट्रीज का 19.43 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 से 30 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। आईपीओ को 8.44 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। आज ही वेल्डिंग कंज्यूमेबल वियर प्लेट, पाट्‌र्स और हेवी मशीनरी बनाने वाली कंपनी डिफ्यूजन इंजिनियर्स ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग के जरिए जोरदार दस्तक दी। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 168 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे लेकिन आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर उनकी 188 रुपये के स्तर पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 193.50 रुपये के स्तर पर लिस्टिंग हुई। इस तरह आईपीओ निवेशकों को कारोबार की शुरुआत होते ही लगभग 15 प्रतिशत लिस्टिंग गेन का फायदा मिल गया। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से कंपनी के शेयर में और तेजी आ गई, जिसके कारण थोड़ी ही देर में बीएसई पर ये शेयर 197.35 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। आज लिस्ट होने वाली कंपनियों में से फोर्ज ऑटो इंटरनेशनल की लिस्टिंग काफी सुस्त रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर सिर्फ 5 प्रतिशत के प्रीमियर के साथ लिस्ट हुए। आईपीओ के तहत कंपनी ने 108 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे जबकि आज इनकी लिस्टिंग 113 रुपये के स्तर पर हुई।




## आने वाले दशकों में बड़े स्तर पर भारतीयों का जीवन स्तर बदलेगा: सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत अगले पांच साल में अपने प्रति व्यक्ति आय को करीब दोगुना कर लेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने शुक्रवार को राजधानी के ताज पैलेस होटल में आयोजित कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी) के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 साल में सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में सबसे तेज वृद्धि होगी। हाल के दशक में भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक प्रदर्शन पांच वर्षों में उसके 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचने में साफ नजर आता है।


सीतारमण ने कहा कि भारत के बैंकिंग क्षेत्र की सुदृढ़ता और लचीलापन, परिसंपत्ति गुणवत्ता सुधार, खराब ऋणों के लिए बेहतर प्रावधान, निरंतर पूंजी पर्याप्तता और लाभप्रदता में वृद्धि पर निरंतर नीतिगत ध्यान द्वारा समर्थित है। उन्होंने कहा कि एनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर पर है, बैंकों के पास अब कुशल ऋण वसूली तंत्र हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना कि वित्तीय प्रणाली स्वस्थ बनी रहे और चक्र लंबे समय तक चले, हमारी एक और मुख्य नीतिगत प्राथमिकता है। इस अवसर पर 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सांसद एनके सिंह भी मौजूद रहे। वित्त मंत्रालय के साथ साझेदारी में आर्थिक विकास संस्थान द्वारा आयोजित कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी) का तीसरा संस्करण 4-6 अक्टूबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम करीब 6:30 बजे इस सम्मेलन शामिल होंगे और इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। वहीं, केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर समापन भाषण देंगे, जबकि भूटान के वित्त मंत्री ल्योनपो लेके दोरजी भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में करीब 150 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद् और नीति निर्माता भारतीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्थाओं के सामने आने वाले कुछ सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए हैं।




## लगातार दूसरे दिन महंगा हुआ सोना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नवरात्रि के दूसरे दिन यानी आज भी घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,710 रुपये से लेकर 77,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,250 रुपये से लेकर 71,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## इजराइल-ईरान जंग का असर, कच्चे तेल की कीमत में उछाल, ब्रेंट क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**एजेंसी, नई दिल्ली**


इजराइल-ईरान जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उछाल है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का मूल्य करीब चार डॉलर प्रति बैरल उछलकर 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.05 डॉलर यानी 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 77.67 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.08 डॉलर यानी 0.11 फीसदी की उछाल के साथ 73.79 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।



## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती कारोबार के दौरान ही जबरदस्त उतार-चढ़ाव के बीच फंसा हुआ नजर आ रहा है। आज लगातार चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी ने कमजोरी के साथ कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव के कारण ये कमजोरी और बढ़ गई, लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे दोनों सूचकांकों की स्थिति में सुधार होने लगा। प्रथम एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.13 प्रतिशत और निफ्टी 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, ओएनजीसी, टाइटन कंपनी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और मारुति सुजुकी के शेयर 1.99 प्रतिशत से लेकर 1.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीपीसीएल, बजाज फाइनेंस, सिप्ला, ट्रेंट और एनटीपीसी के शेयर 2.28 प्रतिशत से लेकर 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,360 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,255 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,105 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 16 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।



# मधुबनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण

चा ० भूमि,बेतिया



कायाकल्प प्रमाणीकरण हेतु बगहा अनुमण्डलीय अस्पताल के अधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में जीएनएम पंकज कुमार और हॉस्पिटल मैनेजर अमरेश कुमार द्वारा आज शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबनी का इंटरनल असेसमेंट कायाकल्प कार्यक्रम के तहत किया गया।मौके पर उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि कायाकल्प प्रमाणीकरण हेतु ओपीडी, प्रसव-कक्ष और लैब के साथ सफाई व्यवस्था का टीम के साथ किया अवलोकन किया जहाँ कई व्यवस्थाओं में अविलम्ब सुधार की बातें बताई गईं, ताकि उक्त संस्थान को कायाकल्प पुरस्कार प्राप्त हो सकें।उन्होंने बताया की एस्सेस्मेंट की गाइडलाइन के तहत जाँच की रिपोर्ट जिले के पदाधिकारी यों को सौंपी जाएगी।उसके बाद व्यवस्था में सुधार एवं नियम अनुकूल पाए जाने पर राज्य की टीम द्वारा मूल्यांकन करने के बाद स्वास्थ्य संस्थानों को अवार्ड और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। डॉ तिवारी ने कहा की अस्पताल परिसर में साफ सफाई व शांतिपूर्ण वातावरण बेहद जरुरी है।

प्रसव-कक्ष और लैब, आउटडोर, इंडोर के साथ दवा वितरण की व्यवस्था का भी जांच-परख की गई है।निरीक्षण के क्रम में टीम के सदस्यों ने कई सुझाव दिए। सदस्यों ने बताया कि कायाकल्प योजना केंद्र सरकार चला रही है। इसके अन्तर्गत मानक के अनुसार व्यवस्थित अस्पताल को इनाम दिया जाता है। पहले चरण में राज्य स्वास्थ समिति को जिलास्तर से रिपोर्ट भेजी जाती है। इसके बाद राज्यस्तरीय टीम व्यवस्था का मूल्यांकन करती है। मानक अनुरूप स्वास्थ्य व्यवस्था पाए जाने पर स्वास्थ्य केंद्र पुरस्कृत किए जाते हैं। कायाकल्प योजना के तहत उच्च स्तर पर रख-रखाव, सफ़ाई के साथ

पीने के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, अस्पताल परिसर में बने शौचालयों की सफाई ही बेहतर गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था व व्यवहार अपनाने वाले कर्मियों सहित अस्पताल को प्रमाण पत्र के साथ ही नकद राशि भी देने का प्रावधान है,अस्पताल में प्रसव के लिए आई सभी महिलाओं की प्रसव से संबंधित खतरों के लक्षणों की जांच, परामर्श व विशेष निगरानी सुनिश्चित होना आवश्यक है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार, बीसीएम /बीएचएम हीरामन चौधरी व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य संस्थानों में सफाई, बिजली व पेयजल की बेहतर व्यवस्था जल्द करें : डीएम

चा ० भूमि,मोतिहारी



"राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत डीएम सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय में किया गया। इसके अन्तर्गत विभिन्न राष्ट्रीय कार्यकमों की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों की उपस्थिति पंजी, स्वास्थ्य संस्थानों में भवन निर्माण हेतु उपलब्ध भूमि की समीक्षा की।

सिविल सर्जन ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में माइको मेडिकल टीम का गठन किया गया है, जो प्रत्येक दिन अपने क्षेत्राधीन रोस्टर के अनुसार वार्डवार भ्रमण करते हुए मरीजों का उपचार तथा आवश्यक दवा आदि दे रहा है। संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक को निर्देशित किया गया है कि वे अपने स्तर से उक्त टीम का सतत् अनुश्रवण करें। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों को 01 लाख 90 हजार 202 रैबीज इंजेक्शन, 5 हजार 02 सांप कटे, 4 लाख 41 हजार 95 जिंक टेबलेट, 25 किलोग्राम का 1057 बोरा ब्लीचिंग पाउडर, चूना आदि वितरण हेतु उपलब्ध करा दिया गया है। जगह जगह आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य कर्मी नाव के द्वारा भी मदद पहुँचा रहे हैं। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि आप अपने स्तर से अनुमण्डलवार जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक करते हुए त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर सीएस, डीपीएम, डीआईओ, डीपीसी, अनुश्रवण पदाधिकारी, डीसीएम, महामारी पदाधिकारी, संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर,युवक घायल

चाणक्य भूमि बगहा

**बगहा**। एनएच 727 मुख्य मार्ग के पिपरिया में कार की चपेट में आने से लगभग 22 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर UP 42 Z 3002 है।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया। जहां डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। घायल युवक की सिर में चोट लगी है।घायल युवक की पहचान ददन साह के पुत्र राकेश कुमार साह के रूप में हुई है। जो शिकारपुर थाना क्षेत्र के अजुआ सुगौली गांव का निवासी है। बताया जा रहा है कि राकेश कुमार साह बगहा नगर थाना क्षेत्र के पिपरिया अपने ससुराल गए थे और वापस घर लौटते समय एनएच 727 मुख्य मार्ग के पिपरिया में उनकी मोटरसाइकिल को कार ने पिछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर के चलते युवक सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।






# अपशिष्ट प्रंस्सकरण ईकाई का उदघाटन

चा० भूमि/ गौनाहा

गौनाहा/प्रखंड अंतर्गत स्थानीय पंचायत में डब्लू पी यू का निर्माण मनरेगा द्वारा किय गया था । जिसका विधिवत उद्धाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवजन्म राम,अंचल अधिकारी विवेक कुमार सिंह,राजस्व अधिकारी दिपक कुमार राम,मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश कुमार सिंह ,मुखिया प्रतिमा देवी,प्रखंड समन्वयक विनोद कुमार द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया। स्वच्छता पर्यवेक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद ऊर्फ अमित कुमार ने अपशिष्ट प्रंस्सकरण ईकाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी।प्रखंड समन्वयक ने डब्लू पी यू पर कार्यरत दोनों कर्मियों के कर्तव्य के बारे में बताया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बृजेश कुमार यादव,पंचायत रोजगार सेवक शंकर कुमार,वार्ड सदस्य विपिन बैठा,नागेंद्र मौर्या,बसीर मियाँ, मोतीउल्लाह खाँ,वार्ड प्रतिनिधि मधु कुमार,स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिकेत कुमार,ग्रामीण अवध कुशवाहा, उमेश कुमार, ओमप्रकाश कुमार सहित स्वच्छता कर्मी ई-रिक्शा चालक अरमान मियाँ,दिनेश राऊत,ग्रहण उरांव, राजन राम,रमेश राम,नरेश राम,दरोगा राम,चंदन बैठा,रामबालक हाजरा,बब्लू चौधरी,बिर पासवान,मद्रासी मांझी,मनोज डोम,संतोष डोम,रूपेश कुमार,नागेंद्र राम,रामचंद्र चौधरी, आदि उपस्थित रहें।कार्यक्रम का सफल संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित कुमार ने किया।

# सात सूत्री मांगों को लेकर मझौलिया में भाकपा माले का धरना प्रदर्शन






चाणक्य भूमि(मझौलिया)

**मझौलिया**।शुक्रवार को सात सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले नेताओं ने प्रखंड मुख्यालय परिसर पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। माले नेता डॉक्टर अनवारुल हक अंचल सचिव जवाहर प्रसाद तथा कामरेड आफाक अहमद ने कहा कि प्रखंड प्रशासन भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। हर टेबल पर बिना चढ़ावा के गरीबों का काम नहीं हो रहा है ।दूसरी तरफ स्मार्ट प्रीपेड मीटर बिहार के गरीब जनता का खून चूस रहा है। स्वास्थ्य विभाग पर बरसते हुए नेताओं ने कहा कि नीतीश राज में स्वास्थ्य महकमा भी अब नजराना लेने में माहिर हो गया है। बिना लेनदेन के डिलीवरी में काम नहीं चल रहा है। उन्होंने चेताया कि अगर सुधार नहीं हुआ तो भाकपा माले बहुत जल्द चरण बंद आंदोलन करेगी। उनकी सात सूत्री मांगों में अंचलाधिकारी द्वारा बिना जांच के गरीबों का भी आय 72 हजार से अधिक बनाना दलित परिवारों को 5 डिसमिल जमीन देने गरीबों को भूमि देकर बसाने, सरिसवा पंचायत के भरवलिया गांव में दलितों को पर्चा देने दलित परिवारों को पक्का मकान देने स्मार्ट मीटर हटाने तथा 200 यूनिट बिजली फ्री देने सहायता समूह का कर्ज माफ करने मनरेगा मजदूरों का 200 दिन काम और 600 दैनिक मजदूरी देने तथा आंगनवाड़ी व राशन वितरण में हो रहे गड़बड़ी पर रोक लगाने आदि शामिल है। इस धरना प्रदर्शन में रमेश यादव, भिखारी साह , सुरेश महतो,भिखइन देवी किशोरी प्रसाद, भागमती देवी, गफूर मियां, रीता देवी, अकली देवी, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।









# बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बाल संरक्षण पर हुई चर्चा

चा ० भूमि,मैनाटाड़



शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सुशीला देवी ने की बैठक में बीडीओ दीपक राम, उप प्रमुख खुर्शीद आलम,बीईओ कृष्णा कुमारी, सीडीपीओ पुष्पा कुमारी, सीएचसी प्रभारी डॉ विजय कुमार चौधरी, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी लोकेश कुमार झा ,जिला समन्वयक अमर सिंह,प्रखंड समन्वयक शुभम कुमार आदि मौजूद रहें। बैठक में बीडीओ दीपक राम ने सामाजिक सुरक्षा योजना प्रयोजन पर चर्चा करते हुये कहा कि सभी पंचायतों में वैसे बच्चे जिनके माता पिता या कोई भी कमाऊ सदस्य जिनकी मृत्यु हो गई है उन्हे प्रयोजन योजना से जोड़ा जाये।ताकि वैसे बच्चों को उचित सहायता मिल सकें। बीडीओ ने मौजूद सभी सदस्यों को ऐसे बच्चो तथा परिवारों को चिन्हित कर आवेदन करवाने हेतु पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम करने हेतु निर्देशित किया। वहीं

जिला समन्वयक अमर सिंह के द्वारा बैठक में शामिल सदस्यों का समिति के उद्देश्य तथा उनकी भूमिका पर जानकारी दी गयी ।इसके साथ ही समुदाय में बच्चो को बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी इत्यादि समस्याओं से बचाने में उनकी भूमिका तथा बाल संरक्षण को लेकर बने विभिन्न ढाचो जैसे बाल कल्याण समिति के कार्य प्रणाली के बारे में बताया गया।समुदाय के स्तर पर आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े बच्चो तथा उनके परिवारों को चिन्हित कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा का लाभ पहुंचा कर संभावित बाल संरक्षण के मुद्दो को कम करने में सभी की भूमिका को बताया गया। बैठक में मुखिया, विकास मित्र, समिति सदस्य आदि मौजूद रहें।

# रॉयल इनफिल्ड की तरफ से लोन एवं एक्सचेंज मेला का शुभारंभ

चाणक्य भूमि




**बेतिया इस दशहरा के शुभ अवसर पर रॉयल इनफिल्ड के डीलर मिश्रा ऑटोमोबाइल की तरफ से रॉयल इनफिल्ड ग्राहकों की सुविधा के लिये पेश किया गया है बेह्तरीन ऑफर जिसमे इस दशहरा आप ले जा सकेंगे न्यूनतम डाउन पेमेंट और ब्याज दर पर रॉयल इनफिल्ड गाड़ियां अपने घर।**

**साथ ही साथ आप पायेंगे अपनी पुरानी गाड़ियों का बेहतर मूल्य हमारे एक्सचेंज ऑफर में। तो फिर देर किस बात की आज ही पहुँचे रॉयल इनफिल्ड के डीलर मिश्रा ऑटोमोबाइल के नजदीकी शाखा में**

**हमारी पहली ब्रांच है छावनी चौक और दुसरी शाखा है मनसा टोला बेतिया में जहाँ से आप बुक कर सकते है रॉयल इनफिल्ड की कोई भी गाड़ी। तो फिर देर ना करें आज ही पहुँचे मिश्रा ऑटोमोबाइल में।**









# पारंपरिक नृत्य कला में कलाकारों ने मचाया धमाल





» मझोलिय्या जीप स्टैंड में नाच पार्टी का आयोजन
» उमड़ी लोगों की भीड़
» युवको ने खूब लगाये ठुमके

चाणक्य भूमि,मझोलिया

**मझोलिया**।जीप स्टैंड मझोलिया में आयोजित पारंपरिक नाच में कलाकारों ने खूब धमाल मचाया।कलाकारो ने एक से बढ़कर एक युगल बंदी गीत, रिकॉडिंग डांस तथा नाटक पेश किया।देर रात तक कलाकारों ने गजब का समां बांधा।हास्य कलाकार ने अपनी भाव भंगिमा से दर्शकों को खूब लोट पोट किया।देर रात तक नाच पार्टी के कलाकारों ने मंत्र मुग्ध किया और भीड़ को टस से मस नही होने दिया।सबसे अधिक तालियों की गड़गड़ाहट फिल्मी गीत टिप टिप पानी बरसा की प्रस्तुति पर हुआ।मंच के ऊपरी हिस्से से पानी के झरना के बीच प्रस्तुत नृत्य ने हकीकत का छाप छोड़ा।इस गीत की प्रस्तुति पर महिला कलाकारा ने खूब रुपये बटोरे।बताते चले कि बदलते दौर में लवांडा नाच की प्रासंगिकता लुप्त होती जा रही है।पहले शादी विवाह में बारात का मर्याद रहता था, मतलब रात और दिन बाराती रहते थे।ऐसे में बारातियो के मनोरंजन के लिये लवांडा नाच की प्रस्तुति होती थी।अब यह बीते दिनों की बात बनकर रह गयी है।विवाह शादी समारोह महज एक रात में ही समाप्त हो जा रहा है।बाराती खाना खाने के बाद तुरंत रवाना हो जाते है।पहले महातम पांडेय मंगलपुर का नाच का सट्टा एक रात और एक दिन का एक लाख के करीब होता था।अब उस नाच पार्टी का टक्कर पारस पकड़ी के बिका यादव नृत्य मंडली ने लिया है।इसमें पचास के करीब कलाकर है।इनका स्टेज शो जीप स्टैंड मझोलिया में देखने को मिला।साज सज्जा, एक्टिंग, तबला वादन, बैंज्जू की प्रस्तुति बेजोड़ रहा।वैष्णवी हौंडा के प्रोपराइटर सर्वेश कुमार चौबे,जीप स्टैंड इंचार्ज वीरेंद्र कुमार शाह ,भीम सिंह ,नरेश पटेल राजकुमार सिंह, सुनील सिंह ,ग्रीन मेडिकल हॉस्पिटल ,बबलू ड्रग्स

वैष्णो टीवीएस हीरो होंडा सर्विस सेंटर के संचालक मिट्ठु कुमार चौबे सर्वेश कुमार चौबे,सतभीड़वा का परी कैंडल लघु उद्योग के फिरोज अंसारी, टीवीएस हीरो के मिठू चौबे कार्यक्रम के प्रायोजक थे।नाच पार्टी को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में जीप स्टैंड के इंचार्ज बीरेंद्र कुमार, साह, भीम सिंह, नरेश पटेल, राजकुमार सिंह,सुनील सिंह आदि के नाम उल्लेखनीय है।बीच बीच मे एक पूर्व मुखिया को स्टेज पर ठुमके लगाते देखा गया।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714